दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 16 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 148 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

एक बात तो माननी पड़ेगी कि घुंघरू सेठ जो कहते है कभी-कभी वो उसे सच भी साबित कर देते है। उन्होंने नई दिल्ली को झीलों का नगर बनाने की बात कही थी। आज पूरी दिल्ली ही दरिया के रूप में तब्दील हो गई है। कुदरत के इस कहर से निपटने में विफल उनकी सरकार अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों के सिर पर फोड़ रही है। आम आदमी पार्टी के नेता तो यह हास्यास्पद आरोप लगा रहे है कि भाजपा ने ही नई दिल्ली को डूबाने की साजिश रची है। इसे ही कहते है अंधेर नगरी चौपट राजा।

मोदी सरनेम मामले में सुको पहुंचे राहुल

नई दिल्ली (एजेंसी)। मोदी सरनेम केस में 2 साल की सजा पर रोक के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। सूरत की सेशन कोर्ट ने 23 मार्च को कांग्रेस के पूर्व सांसद को सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफराहुल के वकील गुजरात हाईकोर्ट गए थे, जहां 7 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि इस केस के अलावा राहुल के खिलाफ कम से कम 10 केस पेंडिंग हैं। ऐसे में सूरत कोर्ट के फैसले में दखल देने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के बाद कहा था कि हम अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में राहुल की याचिका पर सुनवाई की तारीख अभी सामने नहीं आई है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल जाती है तो राहुल की सांसदी बहाल हो जाएगी और वे 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ पाएंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो वे 8 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

हेटस्पीच केस में आजम को 2 साल की सजा

रामपुर (एजेंसी)। 2019 के हेटस्पीच मामले में सपा नेता आजम खान को 2 साल की सजा सुनाई गई है। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। आजम ने एक चुनावी सभा में सीएम-डीएम पर आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियां की थीं। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। इस पर भाजपाइयों ने जमकर हंगामा किया था। इसके बाद एडीओ पंचायत अनिल कुमार चौहान ने थाना शहजाद नगर में केस दर्ज कराया था। अनिल ने आजम पर मुख्यमंत्री और रामपुर के तत्कालीन जिला अधिकारी को निशाना बनाते हुए भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया था। बता दें कि 25 मई को हेटस्पीच के एक दूसरे केस में आजम खान को बड़ी राहत मिली थी। 2019 में पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में रामपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम को बरी कर दिया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

18 को एनडीए ने सहयोगी दलों की बुलाई बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपना कुनबा मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। 18 जुलाई को भाजपा ने अपने एनडीए के सहयोगी दलों की बैठक बुलाई है। वहीं विपक्षी पार्टियां भी इसी दिन बेंगलुरु में मीटिंग करने वाली हैं। एनडीए की बैठक दिल्ली के अशोका होटल में 18 जुलाई को शाम 5 बजे से होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भाजपा ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए में शामिल सभी दलों को न्योता भेजना शुरू कर दिया है। नड्डा ने उन दलों को भी चिट्ठी लिखकर बुलाया है, जो पिछले कुछ साल में विभिन्न मुद्दों पर एनडीए से अलग हो गए थे। नड्डा ने शनिवार को बिहार से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और सांसद चिराग पासवान को चिट्ठी लिखकर मीटिंग में शामिल होने का न्योता दिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

//-- सुविचार --//

किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा ही देती है।

जनसंख्या

विश्व : 8,044,394,571

भारत : 1,422,142,832

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 55,930 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 81,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.55 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	32.3	26.3
बिलासपुर	31.6	26.5
जगदलपुर	27.6	21.2
अंबिकापुर	31.0	25.6

आज की महत्वपूर्ण घटनाएँ

1439 इंग्लैंड में बीमारी फैलने के डर से चुंबन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। 1661 स्वीडिश बैंक ने यूरोप में पहला नोट जारी किया। 1769 फादर जूनिपेरो सेरा कैलिफोर्निया में पहला मिशन, मिशन सैन डिएगो पाया। 1769 स्पेनिश तपस्वी जूनिपरो सेरा ने मिशन सैन डिएगो डेक्लाका की स्थापना की, जो कि स्पेन के अल्टा कैलिफ़ोर्निया क्षेत्र में पहला फ्रांसिस्कन मिशन था। 1779 जनरल एंथोनी वेन की अगुआई वाली संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ब्रिटिश सैनिकों से स्टॉनी पॉइंट, न्यूयॉर्क पर कब्जा कर लिया। 1782 मोजार्ट के ओपेरा डाई एन्टफुहरंग एनस डेम सेरेल ने इसकी व्याख्या की, जिसके बाद सम्राट जोसेफद्वितीय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसमें 'बहुत सारे नोट' थे। 1790 अमेरिकी कांग्रेस ने कोलंबिया की स्थापना की। 1790 अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने रेजिडेंस एक्ट पर हस्ताक्षर किए, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए पोटोमाक नदी के किनारे एक नए स्थायी स्थल का चयन करता है।

बैज के स्वागत के लिए मची होड़

सीएम भूपेश और मरकाम की उपस्थिति में नए पीसीसी चीफ ने संभाला पद

रायपुर/नवप्रदेश। कई मायनों में कांग्रेस में अन्य सियासी दलों की अपेक्षा कार्यकर्त्ता और पदाधिकारियों को ज्यादा स्वतंत्रता है। इसकी एक बानगी शनिवार को नए पीसीसी चीफ व सांसद दीपक बैज के रायपुर एयरपोर्ट आगमन पर साफ दिखाई दिया। एयरपोर्ट में दीपक बैज एक तरफ कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं में झूमा-झटकी हो रही थी। नए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज रायपुर पहुंचे और एयरपोर्ट में उनके स्वागत के लिए पार्टी नेता, पदाधिकारी उमड़ पड़े। विवेकानंद एयरपोर्ट के बाहर दीपक बैज जिंदाबाद का नारा गूंजा। रायपुर एयरपोर्ट के बाहर दीपक बैज का स्वागत करने के लिए हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। सभी इस कोशिश में थे कि पीसीसी चीफ उनके चेहरों को देख ले और स्वागत जोरदार होने का नंबर भी दर्ज हो जाये। इस चक्कर में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के समर्थक झूमा झटकी करते दिखे। स्वागत के लिए कई बार विवाद की स्थिति बनती दिखी। एयरपोर्ट से दीपक बैज राजीव भवन पहुंचकर पीसीसी चीफका पदभार ग्रहण किये। स्वागत करने के लिए कार्यकर्ताओं में विवाद की स्थिति बन गई थी। वैसे पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के सामने राजीव भवन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली से पहुंचे रायपुर

बता दें गुरुवार को दिल्ली में राहुल गांधी और सोनिया गांधी से मुलाकात करके सीधे रायपुर पहुंचे हैं। जहां आज राजीव भवन में औपचारिक पदभार लिया। पीसीसी चीफ की कुर्सी सम्हालने के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री मोहन मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव और सह-प्रभारी विजय जांगिड़ समेत मंत्रिमंडल के सदस्य और पार्टी के पदाधिकारी शामिल रहे। सांसद दीपक बैज को जैसे ही नई जिम्मेदारी का एलान हुआ तो उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव केसी वेणुगोपाल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा से मिलकर आभार जताया। वैसे कांग्रेस के गलियारे में दीपक बैज को मुख्यमंत्री की पसंद माना जाता है। आने वाले दिनों में टिकट वितरण से लेकर चुनाव प्रबंधन में प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ऐसे में सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल नजर आएगा।

पहले युवा पीसीसी चीफ

- दीपक बैज बस्तर के आदिवासी नेता हैं।
- 14 जुलाई 1981 को बस्तर के गढिया में जन्म
- राजनीतिक यात्रा की शुरुआत छात्र जीवन से हुई
- 2008 में वे एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष बनाए गए थे
- 2009 में वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहांडीगुडा के कार्यकारी अध्यक्ष बने
- 2012 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए।
- 2013 में पहली बार उन्हें विधानसभा का टिकट मिला और जीत दर्ज की
- 2018 के चुनाव में फिर विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की
- 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में बस्तर से सासंद बने।

फ्रांस से यूएई की यात्रा पर पहुंचे मोदी

आबूधाबी (वार्ता)। फ्रांस की यात्रा पूरी करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एक दिन की यात्रा पर आबू धाबी पहुंचे। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी करने के लिए स्वयं यूएई के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन ज़ायेद अल नाह्यान आये थे। प्रधानमंत्री ने ट्वीट करके यूएई के युवराज के इस विशेष स्नेह के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा, आज हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान का आभारी हूं। इस यात्रा में यूएई के राष्ट्रपति एवं आबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत करेंगे। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक में आपसी सहयोग के कुछ समझौते होने की संभावना है। भारत और यूएई की लगातार मजबूत हो रही व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और बल देने के लिए अहम प्रधानमंत्री की इस यात्रा में दोनों देशों के बीच ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य सुरक्षा, फि नटेक, रक्षा और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने का अवसर मिलेगा। यह दोनों पक्षों के लिए वैश्विक मुद्दों पर सहयोग पर चर्चा करने का भी मौका होगा। यह चर्चा इस संदर्भ में भी विशेष महत्व की होगी क्योंकि यूएनएफ सीसीसी (जलवायु परिवर्तन संबंधी वार्ता) के सीओपी-28 सत्र की अध्यक्षता यूएई कर रहा है और जी-20 की भारत की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में यूएई एक विशेष आमंत्रित सदस्य है।

पनडुब्बी बनाने में सहयोग देगा फ्रांस

पेरिस (वार्ता)। भारत और फ्रांस ने अपनी रणनीतिक साझीदारी की 25वीं वर्षगांठ पर अपने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को अभूतपूर्व ऊंचाई देते हुए लड़ाकू विमानों के इंजन, स्कॉर्पीन पनडुब्बी एवं भारी मालवाहक हेलीकॉप्टर के इंजन के विकास एवं सह-उत्पादन के करार करने के साथ ही एक दीर्घकालिक रक्षा औद्योगिक सहयोग का रोडमैप बनाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस की ऐतिहासिक यात्रा के संपन्न होने पर दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी को अगले 25 वर्षों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खड़गे ने ली पूर्वोत्तर के नेताओं की बैठक

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति पर शनिवार को गंभीर चिंता जताते हुए पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्ति की और कहा कि पार्टी मणिपुर के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पूवोत्तर की स्थिति पर वहां के नेताओं के साथ आज यहां हुई बैठक जिसमें कहा गया कि मणिपुर की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की निष्क्रियता और चुप्पी अक्षम्य तथा आपराधिक है। पार्टी नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर और खासकर मणिपुर के लोगों के प्रति गैर-ज़िम्मेदारी से काम कर रही है। मणिपुर में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार से गम्भीर तथा मजबूत कदम उठाने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि राज्य में हिंसा के दौरान 150 से ज्यादा निर्दोष लोग मारे गए हैं। पार्टी ने पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में तत्काल शांति बाहरी के प्रयास किए जाने चाहिए। मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। इस हिंसा को लेकर राहुल गांधी ने शनिवार को ट्वीट करते हुए पीएम की चुप्पी पर निशाना साधा। राहुल ने लिखा, मणिपुर जल रहा। यूरोपियन संसद ने भी भारत के आंतरिक मामले पर चर्चा की। पीएम ने इस पर एक शब्द भी नहीं कहा।

सपा विधायक दारा सिंह ने दिया इस्तीफा

लखनऊ (एजेंसी)। सपा से विधायक दारा सिंह चौहान ने शनिवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने सतीश महाना उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दारा सिंह फिर से भाजपा में शामिल होंगे और मऊ से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। दारा सिंह चौहान विधानसभा चुनाव से पहले वन और पर्यावरण मंत्री पद छोड़कर सपा में शामिल हुए थे। दारा सिंह चौहान ने अपना राजनीतिक करियर बसपा से शुरू किया था। 1996 और 2000 में दारा सिंह राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। 2009 का लोकसभा चुनाव दारा सिंह ने बसपा के टिकट पर घोसी सीट से लड़ा और जीता था। 2015 में दारा सिंह ने भाजपा ज्वॉइन की और 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव लड़ा। इसके बाद 2022 में भाजपा से इस्तीफा देकर सपा में शामिल हो गए। राजनीतिक जानकारों की मानें तो दारा सिंह चौहान समाज के बड़े नेता है। उनका असर मऊ समेत 20 जिलों में है। ऐसे में भाजपा में उनका आना, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फायदेमंद साबित हो सकता है। सपा में शामिल होने के बाद दारा सिंह ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूएस में खुलेगा आईआईटी दिल्ली कैंपस

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली का परिसर अबू धाबी में स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में शिक्षा मंत्रालय और अबू धाबी के शिक्षा एवं ज्ञान विभाग के साथ इस उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एक दिवसीय यात्रा पर शनिवार को अबू धाबी पहुंचे। उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया, ''आईआईटी दिल्ली का अबू धाबी परिसर पारस्परिक समृद्धि और वैश्विक भलाई के लिए ज्ञान की ताकत का लाभ उठाने का खाका तैयार करेगा।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर से भारतीय शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण का एक नया अध्याय शुरू होगा। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर में जनवरी 2024 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में बैठक की। इस बैठक में देश में सिविल कोड लागू होने को लेकर चर्चा की गई। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में पी चिदंबरम, सलमान खुर्शीद, विवेक तनखा, केटीएस तुलसी, लोकसभा सांसद मनीष तिवारी, एल हनुमंथैया और अभिषेक मनु सिंघवी शामिल थे। कांग्रेस ने अब तक इस प्रस्तावित कानून को लेकर अपना रुख साफ नहीं किया है। कांग्रेस का कहना है कि पहले सरकार इसका ड्राफ्ट तैयार कर ले, उसके बाद ही कांग्रेस अपना स्टैंड क्लीयर करेगी। संविधान की धारा 44 के तहत केंद्र सरकार पूरे देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की तैयारी कर रही है। यूसीसी के तहत शादी, वसीयत, बच्चा गोद लेने और अन्य मामलों में देशभर में एक ही कानून लागू हो जाएगा। वहीं, लॉ कमीशन ने शुक्रवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड पर आम लोगों और संगठनों से सुझाव लेने की तारीख बढ़ा दी। अब यूसीसी पर लोगों के सुझाव 28 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कामयाबी... महिला स्व-सहायता समूहों और छत्तीसगढ़ वनोपज संघ को दिल्ली में मिला सम्मान

सुशासन और महिला सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ को मिला पृथ्वी अवॉर्ड्स

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ को वैश्विक स्तर पर ईएसजी यानी पर्यावरण, सामाजिक कल्याण और सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सरकारी श्रेणी अंतर्गत पृथ्वी अवॉर्ड्स 2023 से नवाजा गया। यह पुरस्कार भारत सरकार के कानून और न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल द्वारा दिया गया। इस दौरान प्रदेश में ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एनजीओ-स्वयंसेवक श्रेणी में राज्य के दो स्व-सहायता समूह को भी सम्मानित किया गया। कवर्धा जिले से जुनवानी गांव के जय बूढ़ा देव स्व-सहायता समूह और बस्तर जिले के आसना गांव के वर्षा स्व-सहायता समूह को सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली में 14 और 15 जुलाई को आयोजित ईएसजी ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में पृथ्वी अवॉर्ड्स ईएसजी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया है, जो भारत में ईएसजी अनुपालन के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

समूह ने मोटे अनाज को दी नई पहचान

जय बूढ़ा देव स्व-सहायता समूह 10 समूहों के अंतर्गत 244 सदस्यों की इकाई है, जो मोटे अनाज यानि श्री अन्न के उत्पादन और प्राथमिक प्रसंस्करण के लिए कार्यरत है। बीते साल जय बुढ़ा स्व-सहायता समूह ने 30 से 33 रूपए प्रति किलो की दर से करीब 8187 क्विंटल मोटे अनाज की खरीदी की और प्रसंस्कृत किया। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय किसानों को 2.45 करोड़ रुपये का वित्तीय पारिश्रमिक प्राप्त हुआ। प्रदेश के वनांचलों में ग्रामीण विकास और उत्थान के लिए कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अंतर्गत छत्तीसगढ़ हर्बल्स के प्रोडक्ट्स स्थानीय संजीवनी स्टोर, सी-मार्ट और ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर भी उपलब्ध हैं।

पर्यावरण सहेजने अनेक योजनाएं संचालित : नरवा कार्यक्रम अंतर्गत अब तक वनांचलों के 6395 नालों को पुनर्जीवित कर 22 लाख 92 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को उपचारित किया जा चुका है। इससे नालों के आसपास के क्षेत्र में भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है। निस्तार और सिंचाई के लिए जल की उपलब्धि बढ़ी है। जमीन में नमी भी बढ़ी है। छत्तीसगढ़ के वनांचलों में वनोपज आधारित आर्थिक विकास का गति देने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में 65 प्रकार के वनोत्पादों की समर्थन मूल्य पर खरीदी कर उनका वैल्यूएडिशन एवं प्रोसेसिंग का कार्य किया जा रहा है। जिससे वनांचल में रहने वाले लोगों को रोजगार मिल रहा है और उनकी आमदनी भी सुनिश्चित हो रही है।

कमाई का जरिया बनी इमली

बस्तर के एक छोटे से गांव आसना के वर्षा स्व-सहायता समूह ने अथक प्रयासों से अपने क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया और सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर रहीं कुल 10 महिला स्व-सहायता समूहों के साथ 104 सदस्यों की एक इकाई वन धन योजना अंतर्गत कार्यरत है। इमली की प्राथमिक प्रसंस्करण गतिविधि से स्थानीय आबादी को 23 लाख रुपये से अधिक आय प्राप्त हुई है। वर्षा एसएचजी की गतिविधि से 3000 से अधिक स्थानीय वनवासी लाभान्वित हुए हैं। स्थानीय लोगों से 4,500 क्विंटल इमली की खरीद से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में 1.54 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है और इसके परिणामस्वरूप स्थानीय लोगों की वित्तीय और सामाजिक स्थिति में वृद्धि हुई।

बारिश के मौसम में खाएं ये चीजें, इम्यूनिटी बढ़ेगी, नहीं होंगे बीमार

बरसात का मौसम अधिकतर लोगों को पसंद होता है। यह मौसम जितना अच्छा होता है, उतना टेंशन वाला भी हो सकता है क्योंकि बारिश का मौसम कई बीमारियां साथ लेकर आता है। इस मौसम में बदलाव के साथ इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है जिससे वायरल और इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में मॉनसून के मजे लेने के साथ सेहत का ख्याल रखना भी बेहद जरूरी है। कुछ चीजें ऐसी भी हैं जिन्हें डाइट में शामिल करके इम्यूनिटी को मजबूत किया जा सकता है और आप इस मौसम में भी हेल्दी रह सकते हैं।

1 तुलसी

न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा से अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया कि तुलसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी के रूप में जाना जाता है। बरसात के मौसम में कई बीमारियों का खतरा बना रहता है। तुलसी के पत्ते सिर्फ बीमारियां ही नहीं बल्कि इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में भी मदद करते हैं। तुलसी के पत्तों को आप चाहे तो सीधे खा सकते हैं या हर्बल चाय, सूप में भी खा सकते हैं।

2 अदरक

अदरक जिंजरोल्स, पैराडोल्स, सेस्क्यूटरपेन्स, शोगाओल्स और जिंजरोन से भरपूर होता है, इन सभी में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। सबसे ज्यादा यह सर्दी और जुखाम भी मददगार साबित होता है।

3 काली मिर्च

काली मिर्च में एक पाइपरीन नाम का एक तत्व पाया जाता है जिसमें एंटीऑक्सीडेंट और रोगाणुरोधी गुण होते हैं। खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ साथ यह सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है।

4 करी पत्ता

बरसात के मौसम में इंफेक्शन का काफी खतरा बढ़ जाता है। इंफेक्शन से बचने के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल कर सकते हैं। करी पत्ते में एंटीबायोटिक और एंटीफंगल गुण भी पाए जाते हैं जो आपको रोगाणुओं से बचाने में मदद करते हैं। करी पत्ते में हाइपोग्लाइसेमिक गुण पाए जाते हैं जो शुगर लेवल को कम करने का काम करते हैं।

5 नींबू

बारिश के मौसम में अगर नींबू जैसे खट्टे फल खाएं जाए तो इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग रहेगी। दरअसल, नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है। ये भी शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो इम्युनिटी को मजबूत रखने में मदद करता है।

शरीर में दिखें ये लक्षण तो आप समझ लें विटामिन डी की हो गई है कमी

विटामिन डी की कमी एक बहुत ही आम समस्या है जो अधिकांश लोगों में पाई जाती है। भारत में अधिकतर लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जाती है। जब किसी में विटामिन डी की अधिक मात्रा हो जाती है तो उसे हाइपरविटामिनोसिस डी (Hypervitaminosis D) कहा जाता है। यह वैसे तो काफी कम लोगों में पाई जाती है लेकिन यह काफी गंभीर बीमारी होती है।

आमतौर पर इंसान को डाइट, सूरज की रोशनी से विटामिन डी मिलता है। लेकिन जिन लोगों में विटामिन डी की अधिक कमी होती है, डॉक्टर उनको विटामिन डी सप्लीमेंट लेने की सलाह देते हैं। कई बार इन सप्लीमेंट या गोलियों के कारण शरीर में विटामिन डी की मात्रा सामान्य से अधिक हो जाती है, जिसके कारण कई शारीरिक समस्याएं भी हो सकती हैं। अब अगर किसी को विटामिन डी की कमी के संकेत महसूस होते हैं, उसी तरह विटामिन डी की अधिकता के भी संकेत महसूस होते हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर किसी को शरीर में नीचे बताए संकेत दिखाई देते हैं तो उसमें विटामिन डी की अधिकता हो सकती है।

मतली और उल्टी

बहुत अधिक विटामिन डी लेने से मॉर्निंग सिकनेस, उल्टी और मतली हो सकती है। लेकिन यह लक्षण किसी दूसरी बीमारी के भी हो सकते हैं। कम नींद लेना, गलत-खान पान भी इसके कारण हो सकते हैं इसलिए कन्फर्मेशन के लिए डॉक्टर के पास जाकर संपर्क करें।

भूख न लगना

यदि आप कम भूख की समस्या से जूझ रहे हैं तो आपको अपने विटामिन डी के लेवल पर भी नजर रखनी चाहिए क्योंकि भूख ना लगना शरीर में विटामिन डी की मात्रा अधिक होने के संकेत हैं।

कैल्शियम बनना

आपके खून में विटामिन डी की अधिक मात्रा के कारण कैल्शियम बनने लगता है, जिसे हाइपरकैल्सीमिया कहा जाता है। इसके कारण उल्टी, कमजोरी और बार-बार पेशाब आना हो सकते हैं।

किडनी की समस्या

विटामिन डी के कारण होने वाले हाइपरकैल्सीमिया के कारण किडनी डैमज भी हो सकती हैं। जब किसी व्यक्ति में बहुत अधिक विटामिन डी होता है तो किडनी स्टोन बन सकता है क्योंकि यह कैल्शियम अवशोषण को बढ़ाता है।

हड्डी की समस्याएं

हड्डियों की अच्छी हेल्थ के लिए पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी की सही मात्रा होना जरूरी है। लेकिन कुछ रिसर्च बताती हैं कि विटामिन डी की अधिकता से भी हड्डियों से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।

डाइट में करें इन 2 चीजों को शामिल

शरीर में विटामिन डी की कमी से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। डेनमार्क में आरहस यूनिवर्सिटी के डॉ। रासमस एस्पर्सन और उनके सहयोगियों ने उन 60 से 80 साल की महिलाओं पर स्टडी की, जिनके शरीर में विटामिन डी की कमी थी। स्टडी में पाया गया कि जिन लोगों ने जूस के साथ विटामिन डी लिया था, उनके शरीर में दूध और पानी पीने वालों के शरीर में विटामिन डी 3 अधिक था। यानी कि दूध और पानी में मौजूद विटामिन डी, जूस की तुलना में कहीं बेहतर निकला। स्टडी से पता चलता है कि विटामिन डी का स्तर बढ़ाने के लिए दूध और पानी बेहतर स्रोत है। तो आइए अब विटामिन डी के कुछ अच्छे सोर्स भी जान लीजिए।

दही

अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के न्यूट्रीशन आंकड़ों के मुताबिक, दही में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है और इसमें विटामिन डी भी पाया जाता है। प्रति 226 ग्राम दही में 5 मिग्रा विटामिन डी होता है।

ओटमील

ओटमील में अनाज प्रचुर मात्रा में होता है। यह विटामिन डी का अच्छा स्रोत है। इसके अलावा ओट्स में मिनरल्स अधिक होते हैं और कार्बोहाइड्रेट भी प्रचुर मात्रा में होता है, जो शरीर को हेल्दी और फिट रखने में जरूरी है।

अंडे का पीला हिस्सा

विटामिन डी का एक और अच्छा स्रोत अंडे का पीला हिस्सा होता है। हालांकि, इसमें फैट अधिक होता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, हेल्दी कार्बोहाइड्रेट भी होता है तो कैलोरी को ध्यान में रखकर खाएं।

संतरे का जूस

संतरे के जूस को फलों में सबसे बेहतरीन जूस में से एक माना जाता है। दिन की शुरुआत संतरे के जूस के साथ करने से बेहतर कुछ नहीं है। इसमें भी कुछ मात्रा में विटामिन डी होता है।

मछली

सैलमन और टुना जैसी मछलियों को डाइट में शामिल करें। ये कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस और विटामिन डी से भरपूर हैं। इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

विशेष

डिजिटल युग क्या बर्बादी का युग है ?

देश में डिजिटल लेंडिंग से जुड़े फ्रॉड तेजी से बढ़ रहे हैं। इन्हें लेकर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कदम भी उठाए गए हैं और कड़ी गाइडलाइंस तय की गई हैं। इसके बावजूद इन पर शिकंजा नहीं लग पा रहा है। इसके जाल में फंसकर भोपाल के एक हंसता-खेलता परिवार काल के गाल में समा गया।अगर आप मोबाइल फोन यूज करते हैं, आए दिन झटपट लोन अप्रूव करने के मैसेज और कॉल अक्सर आते होंगे। लेकिन कहते हैं न कर्ज के जंजाल से जितना दूर रहें, उतना अच्छा है। इसके जाल में फंसकर न सिर्फ लोन लेने वाला बल्कि पूरा परिवार ही तबाह हो जाता है। लोन बांटने वाले रेप्युटेड बैंकों को छोड़ दें, तो आजकल कई ऐसे लोन ऐप्स चल रहे हैं, जो ग्राहकों को पहले प्रलोभन देकर फंसाते हैं और फिर ऐसा फंसा देते हैं, कि उनके बच निकलने का रास्ता ही नहीं रहता। इसका ताजा उदाहरण भोपाल में देखने को मिला, जहां ऐप लोन के चक्कर में फंसकर एक पूरे हंसते-खेलते परिवार ने खुदकुशी कर ली। हालांकि, ऐसे ऐप्स पर शिकंजा कसने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने पहले से ही गाइडलाइंस बना रखी हैं, फिर भी ये लोगों को आसानी से फंसाने में कामयाब हो रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आज के तकनीकी युग में जब अपराधी इतना हौसला बुलंद कर रहे हैं, तब देश की सरकार इस बारे में सोच भी नहीं रही है, और ना उसे इतनी फुर्सत है, कि वह इस बारे में सोचे और विचार करे। अनेक लोगों के साथ, अनेक प्रकार के फ्रॉड हो चुके हैं, और कहा यह जाता है कि यह सारे फ्राड बिहार और झारखंड के लोगों द्वारा किए जा रहे हैं, परंतु आज तक प्रदेश की सरकार ने बिहार और झारखंड की सरकार से सीधे सीधे संवाद कर, इन लोगों को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। यह जो परिवार हंसता खेलता परिवार था वह इस प्रकार के झांसे में आकर कालकविलत हो गया। लेकिन इसके अलावा ऐसे अनेक लोग हैं, जिनकी कोई गिनती नहीं है । वह इस प्रकार के फोन काल और एप के फ्रॉड में फस कर, अपना जीवन बर्बाद कर चुके हैं । अपने जीवन भर की पूंजी बर्बाद कर चुके हैं । लुट चुके हैं । और यह सरकार जो डिजिटल होने के लिए सबको तैयार कर रही है, यह सरकार इस डिजिटल का कोई हल नहीं निकाल पा रही है, जिसमें लोग इसमें फंसकर बर्बाद हो रहे हैं । आशा की जाती है कि समय रहते यह सरकार इस बात पर विचार करे, अन्यथा आने वाला समय यह हो सकता है कि लोग एंड्राइड फोन का इस्तेमाल बंद कर दें, और जितना भी डिजिटल ट्रांजैक्शन हो रहा है, वह सब बंद हो कर के कैश ट्रांजैक्शन में तब्दील हो जाए । और यदि ऐसा होता है, तो यह भारत के लिए एक प्रकार से बड़ी शर्म की बात होगी कि आधुनिक युग से हम वापस पुरातन योग की ओर अग्रसर हो रहे हैं । अब आगे हम देखते हैं कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार इस पर क्या कदम उठाती है ? और जो पीड़ित परिवार है, जिसके सभी सदस्य भगवान की शरण में जा चुके हैं, उन परिवार के सदस्यों के लिए सरकार श्रद्धांजलि अर्पित करने के सिवा और कुछ यदि नहीं कर पाती है, तो कम से कम इतना अवश्य करे कि आगे इस प्रकार के एप्स के लालच में फस कर लोग इतने बर्बाद ना हो जाए कि उन्हें मौत को गले लगाना पड़े। अगर यदि ऐसा होता है तो भारत और राज्य सरकार के लिए यह एक बहुत ही शर्म की बात होगी, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं भी कर सकता हूँ बस यही

मैं भी कर सकता हूँ बस यही आस रखना। थोड़ा तो कभी जियादा पर प्रयास रखना। जो लाया यहां तलक आगे ले जाएगा मन में ये कायम हमेंशा विश्वास रखना।

लक्ष्मी माहौर

खास पाती | हर बार बोलूं मैं हीं क्या कभी



हर बार बोलूं मैं हीं क्या कभी तुम भी तो समझो मेरे दिल की जुबां कि राह बिखरी सी है कभी खुद से तो कभी जहाँ से उलझे से हैं कि आंखों में समंदर लिए चेहरे पे मुस्कान तने से हैं कि कट रही है ज़िन्दगी ऐसे भीड़ में भी तन्हां हो जैसे पर मैं शिकायत करूँ भी तो किस से कि यहाँ लड़ाई भी अपनों से हीं है चलो माना चलो माना तुम हीं सही और हम हीं गलत हैं फिर अपना हक़ मुझपर जताते क्यूँ हो ?? गर इतनी गलत हूँ तो मुझसे वास्ता बनाते क्यूँ हो यूँ तो मेरे सामने भी देते रहते हो ताने मुझको पर पीठ पीछे जो मेरी बुराई करते हो सच बताना सच बताना कि मैं इतनी बुरी हूँ क्या?? **'रश्मि' अभय**

मृत्यु नहीं तो कुछ भी नहीं न ईसा

मृत्यु नहीं तो कुछ भी नहीं न ईसा न मूसा न बुद्ध न महावीर न राम न रहीम ना देवता न पैगम्बर कुछ भी नहीं मृत्यु नहीं तो कुछ भी नहीं। न आश, न संन्यास, न सुकर्म न धर्म न साधना न आराधना न आत्मा, न परमात्मा कुछ भी नहीं मृत्यु नहीं तो कुछ भी नहीं।

राकेश मिश्रा

पता नहीं ऐसा क्यों होता है जब

पता नहीं ऐसा क्यों होता है जब बिना लगलपेट के सच को हम सीधे अपने बात को साधारण अंदाज़ में कहा देते है लोगो को बुरा क्यों लगता है वही लोग उसी बात को प्यार स्व अर्थात् चाँदी का जुता लगा लगा के चार लोगो के सामने बेज्जत करते है तब लोगो को बुरा नहीं लगता क्यों? मुझे नहीं समझ आया आप को आया क्या तो बताये सुबह का नमस्कार। **रितु दुबे**

कौन जाने किसका कितना...

कौन जाने किसका कितना चुकता करना है कि यहा गली गली हर शख्स बदल जाते है। सौदेबाजी नित नित घटती ही रहती है कि वक्त वक्त पर हिसाब बदल जाते है। लोग तो वही रहते है चेहरा धुंधला जाता है। बनावट के इन शहरों में पर मिजाज बदल जाते है। स्वरचित चन्द पंक्तियों के साथ आपकी सखी।

रेनूमनोज श्रीवास्तव

इस उम्मीद से मत फिसलों

इस उम्मीद से मत फिसलो, कि तुम्हें कोई उठा लेगा। सोच कर मत डूबो दरिया में, कि तुम्हें कोई बचा लेगा। ये दुनिया तो एक अड्डा है, तमाशबीनों का दोस्त गर देखा तुम्हें मुसीबत में तो, यहां हर कोई मज़ा लेगा। **अमरजीत सिंह छाबड़ा**

जिनगी के चार दिना, कटही कइसे

जिनगी के चार दिना, कटही कइसे मोर जोंही गुन-गुन मैं सिहर जाथौं, ये भोले तोर बिना हॉसी हरियावय नहीं, पीरा पिंवरावय नहीं जिनगी के गाड़ी, तोर बिन तिरावय नहीं श्रद्धा के गांजा-धथुरा, ले के तैं हमरो ल पीना उमंग अब उवय नहीं, संसो ह सूतय नहीं बिपदा के बैरी सिरतोन, छोरे ये छूटय नहीं तुंहरे हे आसा एक्के, घुरुवा कस झन तो हीना तन ह तनावय नहीं, आंसू अंटावय नहीं मया के कुंदरा जोहीं, छाये छवावय नहीं भक्ति म भगवान बिना, मुसकिल हे हमरो जीना। **सुशील भोले**

पहले मेरे भाभी-भैया आपस में खूब...

पहले मेरे भाभी भैया आपस में खूब लडते थे। महीनों महीनों तक एक दूसरे से बात न करते थे।। बचपन के नामों से मै उनको फेसबुक पर लेआया। फिर दोनों के जीवन में सुनें गजब का बदलाव आया।। अब बदले नाम से बदले बदले महसूस कररहे हैं। इनबॉक्स में एक दूसरे की इज्जत एवं प्यार कररहे हैं।। गुड मोर्निंग गुड आफ्टर नून गुड नून और गुड नाईट। देखिये हर एक पोस्ट पर कमेन्ट हर एक पोस्ट पर लाइक।। माना कि फेसबुक ने लाखों दिलों को तोड़ा है यारो। मेरे भैया भाभी का रिश्ता फिरसे जोड़ा है यारो।।

राजकुमार शर्मा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 16 जुलाई की घटनाएं इस प्रकार हैः- 1439- इंग्लैंड में बीमारी फैलने के डर से चुमने पर प्रतिबंध लगाया गया। 1661- स्वीडिश बैंक ने यूरोप में पहला नोट जारी किया। 1856- हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता मिली। 1890- पार्किंसन नाम के चिकित्सक ने पार्किंसन बीमारी को लेकर अपनी जांच पूरी की। 1917- प्रसिद्ध नाटककार जगदीशचन्द्र माथुर का जन्म। 1925- इराक में राजा फैसल ने बगदाद में पहली संसद स्थापित की। 1925- नेशनल जियोग्राफिक ने पहली बार समुद्र के भीतर के दृश्यों की प्राकृतिक रंगीन फोटो निकाली। 1945- अमेरिका ने परमाणु बम का पहला परीक्षण किया। 1951- नेपाल को ब्रिटेन से आजादी मिली। 1968- भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्लै का जन्म। 1969- इंसान को चांद पर पहुंचाने की पहली कोशिश के तहत अमेरिका के केप कैनेडी स्टेशन से अपोलो 11 अंतरिक्ष यान तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ।

QUIZ TIME

1) हाल ही में उत्तराखंड के किस गांव को पहला भारतीय गांव घोषित किया गया है?

2) हड़प्पा सभ्यता की सबसे बड़ी इमारत कौन-सी है?

3) कौन-सी नदी सबसे अधिक बार मार्ग बदलती है?

4) पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना द्वारा आयोजित विशाल सैन्य अभ्यास का नाम क्या है?

5) जोयिता गुप्ता को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) माणा (2) अन्नागार (3) कोसी नदी (4) [illegible] (5) [illegible] पुरस्कार।

आज का पंचांग (रविवार 16 जून)

सूर्योदयः 05:46, सूर्यास्तः 07:19
चन्द्रोदयः 03:43, चन्द्रास्तः 17:44
अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि चतुर्दशी, नक्षत्र आर्द्रा, योग ध्रुव, प्रथम करण गर (07:52 तक)
द्वितीय करण वणिज (20:32 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र मिथुन (11:22 से), मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम) शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री) राहु मेष, केतु तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:50
अमृत काल 14:52 से 16:36
विजय मुहूर्त 14:42 से 15:37
गोधूलि मुहूर्त 19:19 से 19:39
सायाह्न सन्ध्या 19:20 से 20:21
निशिता मुहूर्त 00:03 से 00:43
राहुकाल 16:30 से 18:00
राहुवास पूर्व, यमगण्ड 14:07 से 15:51, होमाहुति केतु
दिशाशूल पूर्व, अग्निवास पृथ्वी (20:32 तक),
भद्रावास स्वर्ग (20:32 से) चन्द्रवास दक्षिण (पश्चिम 11:22 से)
शिववास भोजन में (20:32 से शमशान में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष -आज का दिन उदासीनता में व्यतीत करेंगे जल्दी से किसी भी कार्य मे परिश्रम करने का मन नही करेगा जिसके परिणामस्वरूप लाभ भी अल्प होगा।

वृष- आज के दिन आपको बीते कल की तुलना में थोड़ी राहत मिलेगी। आज भी मध्यान तक मानसिक दुविधायें एवं असंतोष की भावना लाभ से दूर रखेंगी।

मिथुन-आप आज दिन के मध्यान भाग तक कोई महत्त्वपूर्ण निर्णय ना लें अन्यथा हानि होने पर मनोबल टूटेगा।

कर्क-आज के दिन आप धन संबंधित कार्यो को छोड़ अन्य सभी कार्यो से सम्मान पाने के हकदार बनेंगे।

सिंह- आज के दिन कुछ रोचक घटनाये घटेंगी दिन का पूर्वार्ध नई संभावनाए लेकर आएगा। कार्य क्षेत्र पर आज गंभीर रहेंगे।

कन्या -आज दिन का आरंभ भाग असमंजस की स्थिति के कारण कार्य शून्य रहेगा। जो करना चाहेंगे वातावरण उसके विपरीत बनेगा।

तुला-आज आपको दिन के पहले हिस्से में लाभ पाने के प्रस्ताव आएंगे लेकिन दुविधा के कारण प्रतिस्पर्धी इसका लाभ उठा सकते है।

वृश्चिक-आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में जितनी मेहनत करेंगे उसका लाभ मध्यान तक मिल जाएगा।

धनु -आज मध्यान तक कि दिनचार्य को अस्त व्यस्त ना होने दे व्यर्थ के कामो में समय खराब होने पर मध्यान बाद से बनने वाली शुभ स्थिति का लाभ नही उठा सकेंगे।

मकर-आज आप घर अथवा कार्य क्षेत्र पर चाहकर भी सुव्यवस्था नहीं बना पाएंगे उल्टे जो कार्य ठीक चल रहे है।

कुंभ -आज दिन के मध्यान तक आपको शांति रहने की सलाह है।

मीन-आज का दिन धन लाभ वाला है लेकिन अपनी वाणी को सही जगह प्रयोग करें अन्यथा जहां लाभ की संभावना रहेगी वहां किसी से कलह भी हो सकती है।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -126

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 125 का हल

टे	ड़ा	मे	ड़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

दस्तावेज नहीं होने से सरकारी खाते में साढ़े 3 करोड़ अटके

■ **प्रशासन ने कहा- पैसे चाहिए तो दस्तावेज लाइए, पीड़ितों के साढ़े 3 करोड़ सरकारी खाते में फंसे**

रायपुर/नवप्रदेश। चिटफंड कंपनियों से बुरी तरह ठगाए गए पीड़ित अपनी राशि का ब्याज तो दूर लागत तक के लिए तरस रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल ने पूरवर्ती बीजेपी शासनकाल में करोड़ों का चिटफंड घोटाला करके भागी कंपनियों की मुश्के कसने की कोशिश तो किया। लेकिन अब तक जिन चिटफंड पीड़ितों की रकम वसूल ली गई है उन्हें हासिल करने में वे नाकाम हैं। बता दें कि रायपुर जिले के 30 हजार चिटफंड पीड़ितों के करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए एक साल से सरकारी खाते में अटके हैं। पुलिस और प्रशासन ने कई फ्रॉड चिटफंड कंपनियों की प्रॉपर्टी तलाश करने के बाद उसकी नीलामी करवायी। लेकिन ठगी के दस्तावेज नहीं होने से प्रशासन पैसे ही नहीं बांट पा रहा है। अपर कलेक्टर ने कई बार रायपुर एसडीएम को चिट्ठी भी लिखी है। उनसे उन लोगों की सूची मांगी गई है जिनके पैसे वापस करने हैं। लेकिन अभी तक सूची नहीं बन सकी क्योंकि पीड़ितों को बार-बार पत्र लिखने के बावजूद वे ऐसा कोई प्रमाण नहीं दे पा रहे, जिससे पता चले कि उनके कितने पैसे कंपनी में जमा थे। ना उनके पास कोई रसीद या दस्तावेज है। ना ही कोई बांड की कॉपी पीड़ित दे पा रहे हैं।

अब तक इनकी प्रॉपर्टी बेचकर दिए रकम

- शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ति नीलामी से 2.12 करोड़ रुपए शासकीय खाते में जमा किए गए
- गोल्ड की इंफ्रावेंचर लिमिटेड और बेसिड बेनीफीट लिमिटेड की संपत्ति की नीलामी से 81 लाख
- निर्मल इंफ्रा होम कॉर्पोरेशन लि. की प्रॉपर्टी की नीलामी से 51.51 लाख
- आरोग्य धन वर्षा डेवलपर्स प्राइवेट लि. की संपत्ति नीलामी से 11.85 लाख रुपए मिले हैं।

इतने लोगों को लौटाई गई राशि

- अभी तक 9866 लोगों को चिटफंड कंपनी में गंवाई रकम वापस मिली है
- बड़ी रकम देवयानी प्रापर्टी लिमिटेड में निवेश करने वाले लोगों को मिली है
- कंपनी की संपत्तियों की नीलामी से 4.14 करोड़ रुपए लोगों को वापस मिले
- माइक्रो फायनेंस की अभनपुर में स्थित जमीन की नीलामी की जानी थी नहीं हुई
- साईं प्रकाश डेवलपमेंट की करीब 8 करोड़ की प्रॉपर्टी भी कुर्क लेकिन नीलामी अटकी
- साईं प्रकश ने राजधानी में ही 50 करोड़ से ज्यादा का फर्जीवाड़ा किया है

चिटफंड कंपनियों की प्रॉपर्टी

राज्य में कंपनियों की 127 करोड़ की प्रॉपर्टी

- 54.90 करोड़ रु की रकम नीलामी के बाद शासन के खाते में जमा हुई।
- 33.50 करोड़ रुपए अब तक पीड़ित निवेशकों को वापस किए गए।
- छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में 45 हजार 593 लोगों को रकम मिली।

मंत्री सिंहदेव, ताम्रध्वज और मरकाम ने लिया नए विभागों का कार्यभार



रायपुर/नवप्रदेश। भूपेश कैबिनेट के मंत्रियों के विभागों में बड़ा बदलाव किया गया है। डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को ऊर्जा विभाग और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को कृषि मंत्रालय दिया गया है।

वहीं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पशु पालन, मछली पालन विभाग को भी दिया गया है। पहले ये विभाग मंत्री रविंद्र चौबे संभाल रहे थे, लेकिन उनके स्वास्थ्यगत कारणों से ये विभाग ताम्रध्वज साहू को दिया गया है। दूसरी ओर रविंद्र चौबे को डॉ. प्रेमसाय सिंह का विभाग मंत्रालय और सहकारिता विभाग का दायित्व सौंपा गया है। पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। ऊर्जा विभाग की जिम्मेजारी खुद सीएम भूपेश बघेल संभाल रहे थे, अब इसका दायित्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को दिया गया है। दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस संगठन में फेरबदल जारी है। पहले टीएस सिंहदेव की उपमुख्यमंत्री के रूप में ताजपोशी की गई तो वहीं मोहन मरकाम को पीसीसी चीफ के पद से हटाकर मंत्रालय में जगह दी गई है। वहीं प्रेमसाय सिंह टेकाम से इस्तीफा लेकर अब उन्हें राज्य योजना आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

युवा मतदाताओं को जोड़ने कॉलेजों में विशेष शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने के लिए कालेजों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रदेशभर में जागरूकता अभियान तेज किया जाएगा। राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक में कई निर्णय लिए गए। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न् विभागों के आला अधिकारी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री सड़कों की गुणवत्ता जांचने आएंगे दिल्ली से अफसर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों में तृतीय स्तर के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक जुलाई माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के दौरे पर आ रहे हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी साझा की जा सकती है। राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण नई

दिल्ली द्वारा निर्धारित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक निरंजन सुरजीत सिंह जुलाई माह में छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले का दौरा कर सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। उनका मोबाइल नम्बर +91-9452298388, +91-6387029057 है। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक योगेश प्रभुदास पाठक, राजनांदगांव और कांकेर जिले का दौरा करेंगे। उनका मोबाइल नम्बर +91-9426484305 है।

प्रदेश में आज से झमाझम बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मानसून पर लगा ब्रेक हटने की संभावना है। रायपुर में शनिवार को झमाझम बारिश हुई है। जिससे उमस वाली गर्मी से अब राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 जुलाई से मानसूनी गतिविधियां तेज होंगी। एक से दो दिनों में अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी हवाएं लगातार आ रही हैं। बादल बन रहे हैं। जिससे प्रदेश में कुछ जगहों पर बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर में बारिश नहीं हो रही है। लेकिन आज सुबह से बादल छाए हुए हैं और नमी युक्त हवाएं चल रही है। शुक्रवार को बस्तर संभाग के कुछ क्षेत्रों में 4 सेंटीमीटर तक बारिश हुई है। आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

रायपुर में हल्के बादल रहेंगे। यहां शाम-रात को गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका बीकानेर, अलवर, ग्वालियर, सीधी, डाल्टनगंज, शांतिनिकेतन और उसके बाद पूर्व की ओर दक्षिण मिजोरम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रवात दक्षिण उत्तर प्रदेश के मध्य भाग में 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक बना हुआ है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में आगामी दो से तीन दिनों तक अच्छी बारिश होगी।

मंत्री बनते ही मरकाम ने ली विभागीय अफसरों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण मंत्री मोहन मरकाम ने शुक्रवार 14 जुलाई को पदभार ग्रहण करने के बाद आज 15 जुलाई को न्यू सर्किट हाउस रायपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक सौजन्य बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मंत्री मरकाम ने विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक वर्ग के जनसंख्या का 85 प्रतिशत से अधिक का उनके हितार्थ का योजना संचालित हैं।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ संचालित करना है। सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग डी.डी. सिंह एवं आयुक्त शम्मी आबिदी द्वारा विभागीय योजनाओं के तहत आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय, छात्रावास-आश्रम संचालन, शिष्यवृत्ति एवं छात्रवृत्ति वितरण, युवा कैरियर निर्माण, वन अधिकार पत्रों का वितरण, संविधान के अनुच्छेद 275 (1), विशेष केंद्रीय सहायता, अनुसूचित जाति उपयोजना, आदि आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, क्रीड़ा परिसर, राहत योजना, निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की गतिविधियों की जानकारी भी ली गई।

कांग्रेस ने आदिवासी नेताओं को पकड़ाया झुनझुना : नितिन नबीन

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार को बीजेपी के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस संगठन व सत्ता में बदलाव को लेकर भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी ने कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में आदिवासी नेताओ को झुनझुना पकड़ा दिया है, लेकिन उसका छर्रा निकाल लिया है ताकि वह बज भी ना सके। उन्होंने कहा कि मोहन मरकाम को अपमानजनक ढंग से अध्यक्ष पद से हटा दिया फिर

संतुष्ट करने के लिए उन्हें मंत्री बना दिया गया परंतु उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग नहीं दिया गया। सबसे अपमानजनक स्थिति तो प्रेमसाय सिंह टेकाम के साथ हुई उनसे मंत्री पद छीन लिया और सिर्फ कैबिनेट मंत्री का दर्जा दे दिया गया। उनके हटते हैं स्कूल शिक्षा में ट्रांसफर के मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए ताकि वे बगावती तेवर ना अपना सके।

70 वर्ष से अधिक उम्र के भूतपूर्व सैनिकों को मिलेगी सम्मान निधि

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर संभाग के 70 वर्ष से अधिक आयु के भूतपूर्व सैनिकों को सम्मान निधि दी जाएगी। इसके लिए उन्हें जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ वांछनीय दस्तावेजों को सैनिक बोर्ड भेजा जाएगा। सैनिक बोर्ड में दस्तावेजों के परीक्षण के बाद सम्मान निधि की स्वीकृति दी जाएगी और राशि भूतपूर्व सैनिकों के खाते में सीधे जमा होगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने आज यहां बताया कि रायपुर संभाग के धमतरी, रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुन्द और गरियाबंद जिले के 70 वर्ष, 75 वर्ष, 80 वर्ष, 85 वर्ष, 90 वर्ष, 100 वर्ष या उससे अधिक

आयु पूर्ण कर चुके भूतपूर्व सैनिकों को सम्मान निधि की पात्रता हैं। ऐसी सभी पात्र भूतपूर्व सैनिक अपनी सेवा पुस्तिका प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, आधार कार्ड की प्रति, बैंक पास बुक की प्रति एवं निवास प्रमाण पत्र के साथ जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। दस्तावेजों का परीक्षण कर सही पाए गए आवेदनों को संचालनालय सैनिक बोर्ड को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। सैनिक बोर्ड से अनुमोदन के बाद पात्र भूतपूर्व सैनिकों को निर्धारित सम्मान निधि दी जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोतीबाग रोड, शास्त्री चौक के पास, सी.एम.एच.ओ. ऑफिस के बाजू में स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय या दूरभाष क्रमांक +91-0771-2237449 व मोबाईल नंबर +91-85569-99340 पर संपर्क किया जा सकता है।

अपहरण के आरोपी को थाने से ले गई मां

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में बीजेपी नेता का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने थाने से छोड़ दिया। आरोपी को उसकी मां देर रात थाने से लेकर चली गई। इसके बाद जबरदस्त बवाल हुआ। शिकायतकर्ता भाजपा नेता ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया और पुलिस के सामने कहने लगा कि अब खुद को आग लगाकर यही मर जाऊंगा। यह पूरी घटना रायपुर शहर के टिकरापारा थाने की है, देर रात थाने में काफी हंगामा हुआ। पुलिस ने गंभीर धाराओं में पकड़े गए एक युवक को थाने से ही छोड़ दिया। भारतीय जनता पार्टी के सिविल लाइन मंडल के अध्यक्ष मनीष साहू ने हर्षवर्धन शर्मा पर आरोप लगाया था कि उसने उसे किडनैप किया, 5 लाख रुपयों कि मांग की, बंदूक दिखाई, मारपीट की। आरोपी हर्षवर्धन शर्मा समाजसेवीका ममता शर्मा का बेटा है। इससे पहले भी आपराधिक मामले में गिरफ्तार हो चुका है, अब यू थाने से उसे छोड़ दिए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। हर्षवर्धन शर्मा को छोड़ दिए जाने की जानकारी मिलते ही मनीष अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। खुद पर पेट्रोल डाल दिया और आत्मदाह का प्रयास करने लगे। थाने के पुलिसकर्मियों ने मनीष के कपड़े फाड़कर उसपर पानी छींटकर उसे आग लगाने से रोका। मनीष अधिकारियों से कहता रहा कि मुझे हर्षवर्धन मारे इससे अच्छा मैं यही मर जाता हूं।

चार दिन का मानसून सत्र 18 से, चर्चा के लिए मिलेंगी केवल तीन ही बैठकें

रायपुर/नवप्रदेश। चुनावी साल में राज्य सरकार का अंतिम सत्र केवल चार दिन है। चार दिन के इस सत्र के लिए विधायकों ने 550 सवाल लगाए हैं। इसमें से 274 तारांकित सवाल हैं, लेकिन इन सवालों पर चर्चा के लिए विधायकों को केवल तीन बैठकें ही मिलेंगी। दरअसल, 18 जुलाई से शुरू हो रहे मॉनसून सत्र का पहला दिन श्रद्धांजलि देने के बाद स्थगित हो जाएगा। ऐसे में जनता के मुद्दों पर चर्चा के लिए सदस्यों को केवल तीन दिन ही मिलेगा। बता दें कि पिछले दिनों वैशाली नगर के विधायक विद्यारतन भसीन का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद यह पहला सत्र है इसलिए पहले दिन उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी। राज्य सरकार तीन हजार करोड़ के अनुपूरक बजट के साथ ही आधा दर्जन संशोधन विधेयक भी लाने वाली है। इसमें बड़े सौदे में स्टांप शुल्क चोरी पर रोक लगाने के प्रावधान वाला संशोधन विधेयक भी शामिल होगा। इसके अलावा सदन में भाजपा के अविश्वास प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। ऐसे में सत्र के हंगामेदार रहने के आसार है। भाजपा जहां इन तीन दिनों में सरकार की नाकामियों को उजागर करने की कोशिश करेगी, वहीं कांग्रेस राज्य सरकार की

उपलब्धियों को बताएगी। दरअसल, कांग्रेस सरकार का यह अंतिम सत्र होगा। विधानसभा में सवाल लगाने के ट्रेंड में भी बड़ा बदलाव आया है। अब विधायक ऑफलाइन से ज्यादा ऑनलाइन सवाल लगा रहे हैं। इस बार 94 फीसदी सवाल ऑनलाइन लगे हैं जबकि केवल 6 फीसदी सवाल ऑफलाइन लगे हैं। बता दें कि 550 सवाल में से 516 सवाल ऑनलाइन लगे हैं। इसमें से 257 तारांकित और 259 अतारांकित हैं। दूसरी तरफ ऑफलाइन केवल 34 सवाल लगे हैं। इसमें तारांकित और अतारांकित की संख्या 17- 17 है।

एम्स में सफलतापूर्वक 6वां किडनी ट्रांसप्लांट

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों ने छठवां किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया है। बलौदा बाजार के 37 वर्षीय किडनी प्राप्त करने वाले शिक्षक प्रत्यारोपण के बाद अब पूर्णतः स्वस्थ हैं। रोगी को नवंबर में दोनों किडनी खराब होने के बाद एम्स के नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग में रेफर किया गया था। रोगी की हालत इतनी अधिक गंभीर थी कि प्रत्येक सप्ताह उन्हें तीन बार डायलिसिस की आवश्यकता होती थी। हाथ-पैर में सूजन और कमजोरी की वजह से रोगी की स्थिति प्रतिदिन बिगड़ती देखते चिकित्सकों ने किडनी प्रत्यारोपण का निर्णय लिया।

रोगी की मां ने किडनी दान कर अपने पुत्र की जान बचाई। 11 जुलाई को ऑपरेशन के बाद अब दोनों स्वस्थ हैं और पोस्टऑप केयर में चिकित्सकों की सघन निगरानी में हैं। लगभग चार घंटे चले इस ऑपरेशन में एम्स के चिकित्सकों ने किडनी का प्रत्यारोपण किया। इससे पूर्व पांच किडनी प्रत्यारोपण पीजीआई लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सकों के निर्देशन में किए गए थे। इसमें यूरोलॉजी विभाग के डॉ. अमित आर. शर्मा, डॉ. सत्यदेव शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल, नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. विनय राठौड़, डॉ. रोहित बड़गे और एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. सुब्रत सिंघा, डॉ. जितेंद्र, डॉ. मयंक शामिल थे। इनके साथ नर्सिंग स्टॉफ में विशोक, रवि एन., अंबे और विनिता ने भी सहयोग दिया।

शिक्षित बेरोजगारों के लिए 18 जुलाई को जॉब फेयर

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 18 जुलाई को जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से VaiManika Aerospace, Universal Agrico Forestry Pvt.Ltd. Raipur °ß´ Shefali Business International द्वारा भर्ती की जाएगी। कैम्प में 10वीं से स्नातक, (एग्रीकल्चर/विज्ञान) आई.टी.आई. कोपा उत्तीर्ण शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यार्थियों की भर्ती होगी। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भर्ती किए जाने वाले पदों में ड्रोन पायलट, डिस्ट्रिक मैनेजर, डाटाइंटी ऑपरेटर, फिल्ड सुपरवाइजर और फिल्ड सेल्स एक्सीक्यूटिव इत्यादि 147 से अधिक पद शामिल है। विभिन्न अनुभव के आधार पर होने वाले पदों का वेतन 10 हजार से 20 हजार प्रतिमाह होगा।

भाजयुमो ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

परीक्षा और भर्तियों में धांधली के लगाए आरोप, नारेबाजी के साथ किया धरना और प्रदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजयुमो शहर उत्तर व दक्षिण मंडल ने प्रदेश में लोक सेवा आयोग, व्यापमं सहित अन्य विभागीय परीक्षाओं और भर्तियों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में भाजयुमो ने 12 बिंदुओं में भर्ती परीक्षाओं और भर्तियों में भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। प्रमुख तौर पर चार मांगे रखते हुए भाजयुमो ने कार्रवाई की मांग रखी है।

भाजयुमो ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। काफी देर तक प्रांगण के भीतर ही नेताओं ने बैठकर धरना दिया और कांग्रेस सरकार के खिलाफभ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। भाजयुमो शहर उत्तर व दक्षिण मंडल अध्यक्षद्वय सज्जन ठाकुर व प्रखर श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर स्वायत्त संस्थानों की भर्तियों में प्रदेश के पात्र व योग्य युवाओं के भविष्य से

खिलवाड़ करने का आरोप लगाय है।

प्रखर व सज्जन ने कहा कि-साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में भूपेश सरकार ने राज्य के युवाओं को सिर्फ ठगा है। पीएससी-2021, सहायक प्राध्यापक, वनरक्षक सहित कई तरह की भर्तियों बड़ी धांधली उजागर हुई है। साफ है कि सत्ता में बैठे प्रभावशाली लोगों ने अनुचित तरीकों से भर्तियों को प्रभावित किया है और इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। यह हमारे राज्य की युवा प्रतिभा और क्षमता का अपमान है। भूपेश सरकार ने जिस तरह के कारनामे किए हैं ऐसी धांधली पूरे देश में कहीं नहीं हुई। रोजगार के इनके दावे झूठे हैं। विश्वासघात करने वाली इस सरकार के खिलाफ युवा सड़क पर खड़ा है। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रदेश भाजयुमो विशेष आमंत्रित सदस्य गगन आईच, जिला भाजपा कार्यालय मंत्री आकाश चोपड़ा, जिला भाजयुमो मंत्री पिंटू वर्मा, उज्ज्वल कसेर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष द्वय प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन सिंह ठाकुर, कमलेश प्रजापति, आशुतोष सिंह, जसमीत सिंह, साकेत वैष्णव, आशीष जैन, कमलेश लहरे, प्रहलाद सिन्हा, आदित्य पराते, रवि साहू, प्रवीण शुक्ला, हिमांशु सोनवानी, विजेंद्र प्रताप आर्य, आशु कसार, अभिषेक यदु, आशू डहरिया, टिकेश्वर सिंह, मनोज साहू, जैकी सोनकर, नीरज शर्मा, कृष्णा निषाद, लोकेश यदु, विकास साहू, संयम जैन, आशीष सिन्हा, रोहित यादव, सूरज सिंह राजपूत, राहुल यादव, अर्जुन राजपुरोहीत, आशीष सोरी, राकेश साहू, अभिषेक सोरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

व्यापमं भर्ती में गड़बड़ी व जांच को लेकर सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के निर्देश पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पीएससी व्यापम भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार एवं गडबडी करके छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ अन्याय, धोखा किया उसके विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जांच की माँग किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय साहू, महेश टंडन, ज़िला महामंत्री तारण राजपूत, समीर वर्मा, ज़िला उपाध्यक्ष आशीष सोनी, नंद कुमार साहू, योगेश वर्मा, चम्पेश्वर वर्मा, ज़िला मंत्री धर्मराज खाण्डे, कार्यालय प्रभारी थानू चन्द्राकर, सह प्रभारी नागेश साहू, भीम वर्मा, महेश्वर साहू, तुषार साहू, सन्नी ठाकुर, मुनिर वर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हुई पैरेंट्स मीटिंग

राजनांदगांव। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला, राजनांदगांव में 14 जुलाई दिन शुक्रवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षणार्थियों एवं अभिभावक के मध्य महाविद्यालय में शिक्षा से संबंधित विषय पर चर्चा हुई। उनसे सुझाव लिये एवं उनकी समस्या का निराकरण किया गया।

संयोजक श्रीमती ममता रानी यदु, समिति के सदस्य एवं महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापकगण की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

नि: शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम छिपली विकासखण्ड नगरी के सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के हाथो भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया। इस शिविर में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ वी.एन. त्रिपाठी, डॉ पतंजली दीवान, डॉ वर्मा के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शिविर लगाया और इन्होने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में योग व्यायाम और शारीरिक

मेहनत बहुत आवश्यक है। नृत्य दिनचर्या खान-पान आहार-विहार भी सही रखना जरूरी है। पौष्टिक भोजन किस प्रकार से करना है कब क्या खाना है कब क्या नही खाना है और इसके साथ क्या खाना है विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने क्षेत्र की जनता को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहना एवं स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी। उन्होने 50 वर्ष के उम्र के लोगों को नियमित प्राणायामक रने की सलाह दी एवं बच्चों को कसरत करने स्वस्थ्य शरीर के लिए कसरत की क्या महत्व है उसकी जानकारी दी। होम्योपैथिक, एलोपैथिक आयुर्वेद को किन-किन परिस्थितियों में प्रयोग करना है की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में भूषण साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, भानेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, संतकुमार नेताम सरपंच ग्राम पंचायत छिपली, मनहरण लाल साहू ग्राम पटेल, गणेशराम नागरची एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

मंत्री अकबर ने छात्रावास भवन का किया लोकार्पण

- **झेरिया यादव समाज ने कैबिनेट मंत्री का समाजिक वेशभूषा खुमरी पहनाकर स्वागत किया**

कवर्धा। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज ग्राम सैगोना में यादव समाज झेरिया यादव समाज के नवनिर्मित छात्रावास भवन का विधिवत लोकर्पण किया। झेरिया यादव समाज ने कैबिनेट मंत्री का समाजिक वेशभूषा खुमरी पहनाकर, लाठी भेंटकर तथा पुष्प माला से स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने प्रदेश में निवास सभी वर्ग और सर्व समाज का विकास हो रहा है। सभी समाज और वर्गो को आगे बढ़ने का तेजी से अवसर मिला है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में निवासरत यादव समाज को भूपेश बघेल की सरकार में नेतृत्व करने का पूरा अवसर मिल रहा है। वर्तमान में इस समाज के 03 विधायक निर्वाचित होकर राज्य के विकास में यह समजा अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यादव समाज का गौ माता की सेवा, पशुधन के संरक्षण और संवर्धन में उत्कृष्ठ योगदान है। कैबिनेट मंत्री अकबर ने समाज की मांग पर सैद्धातिक सहमति देते हुए कहा है कि समाज के विकास में जो भी कठिनाईयां आएगी उन्हें आने वाले समय में पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने समाज के प्रतिभावन समाजिक प्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्रीमती आशा संतोष यादव ने की। उन्होंने समाज के विकास के लिए मांगे भी रखी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, पार्षद अशोक सिंह, नरेन्द्र देवांगन आदि उपस्थित थे।

विभिन्न संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों ने बनाया छग संयुक्त शिक्षक महासंघ

दल्ली राजहरा/नवप्रदेश। 13 जुलाई गुरुवार को राजधानी-रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षक एल. बी. संवर्ग से जुड़े अनेक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक रखा गयी थी । जिसमें सर्व सम्मति से छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया गया। बैठक के संबंध छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू, गवर्नमेंट एम्पलॉइज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग , प्रांताध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि सर्व सम्मति से 24 जुलाई 2023, सोमवार को प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, सभी संवर्गो के शिक्षकों की पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने पंचायत विभाग में प्रथम नियुक्ति तिथि से किए जाने तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर का पालन किए जाने के मांग को लेकर राजधानी रायपुर में एक दिवसीय मौन सत्याग्रह आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया। बैठक को उपस्थित विभिन्न संगठनों के प्रांताध्यक्ष ने संबोधित करते हुए सभी शिक्षक संवर्गो को एकता के सूत्र में बंधकर कार्य करने और अपने मांग को शासन से मनवाने एकजुट होने का आह्वान किया। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अयोजित मौन सत्याग्रह में प्रदेश के सभी संगठन छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले अंदोलन का आव्हान किया है ।

छत्तीसगढ़ में शिक्षा की बह रही गंगा : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कठिया में शा.उ.मा.वि. कठिया में अयोजित विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ग्राम कठिया में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन रखा गया हैं, बड़ी संख्या में हमारे छात्र छात्राएं, पालकगण, ग्रामवासी उपस्थित हुए, सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओ को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं, मां सरस्वती का आशीर्वाद सभी के ऊपर बना रहे। प्रवेश उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य हमारे नए विद्यार्थी जो प्रवेश लिए हैं उनके उत्साह वर्धन सहित

साथ में जो छात्र-छात्राये प्रवेश नहीं ले पाए, उनके मन में कक्षा जाग्रति हो सकें, इसलिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाता हैं। विद्यार्थी जीवन किसी भी व्यक्ति के जीवन के स्वर्णिम काल होता हैं, इस समय में इस काल में विद्यार्थी जो भी मुकाम हासिल करना चाहता हैं, वह कर सकता हैं। छात्र जीवन में अनुसाशन का बहुत महत्व होता हैं, जो विद्यार्थी अनुशासन में रहकर पूरी लगन ईमानदारी के साथ मेहनत करके अपने कर्म पथ की ओर अग्रसर होता हैं, वह सफ्लता के बुलंदियों को स्पर्श करता हैं। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मानना हैं छत्तीसगढ़ की सही कल्पना के लिए एक नारा दिए हैं गढबो नवा छत्तीसगढ़। गढबो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा बड़ी तेजी से क्रांति लाने की आवश्यकता हैं, छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी युवा शक्ति को जितना ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करेगे उतनी तेजी से गढबो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना सकार हो पाएगी। बहुत सारी योजनाएं शिक्षा के क्षेत्र में सरकार चला रही है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना हैं। इस क्षेत्र की बहुप्रशीक्षित मांग थी कि ग्राम कठिया/रांका के क्षेत्र के बच्चों के अच्छी शिक्षा के लिए स्वामी आत्मांनद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय खुले, भेट मुलाकात के दौरान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन इसी प्रांगण में हुआ था, मैने उनसे आप सभी मांग के अनुरूप ग्राम कठिया/रांका में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय खोले जाने मांग किया था, उन्होंने बड़ी सहजता के साथ स्वीकार कर इसी मंच से ग्राम कठिया/रांका में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय खोलने की घोषणा किए और आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन बढ़िया तरीके से किया जा रहा हैं।

छात्रों को साइकिल वितरण

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में दिन शनिवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2023 का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डां लक्ष्मी ध्रुव की विधायक विधानसभा क्षेत्र सिहावा एवं उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अध्यक्षता कांति सोनवानी वअध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, विशिष्ट अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ,आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी ,भानेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, भूषण साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी माखन भरेवा, अध्यक्ष सेवादल नगरी थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन में के आर साहू विकास खंड शिक्षा अधिकारी नगरी ने अपने संबोधन में अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

सरकारी चारागाह जमीन पर कब्जे की तैयारी

- **बुद्धू भरदा में श्मशान घाट को भी नहीं बख्शा**
- **सरकारी जमीन पर जुताई करने वाले पर होगी कार्यवाही**

डोंगरगांव/अर्जुनी/नवप्रदेश। विकासखंड के बहुचर्चित ग्राम बुद्धू भरदा में भू माफिआओं ने सरकारी चारागाह जमीन पर जोताई कर अवैध कब्जा करने की तैयारी में है मामले की जानकारी सामने आने पर एसडीएम सुनील नायक ने गंभीरता से लेते हुए अवैध कब्जा करने वाले के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुद्धू भरदा से किर्गी जाने वाली पक्की मार्ग के किनारे एक मात्र श्मशान घाट हैं गांव के किसानों ने आसपास के शासकीय जमीन को दलालों ने पूरी तरह से कब्जा करने की तैयारी में जुटे हुए हैं एक ओर श्मशान घाट और गांव में एक मात्र चारागाह जो पशुओं के लिए चिन्हांकित है उन्हे भी कुछ जमीन के भू माफिआओं की नजर पड़ गई है श्मशान घाट के पास सरकारी जमीन को भू माफिआओं ने रातों रात ने अवैध कब्जा करने के लिए ट्रैक्टर से रात में अवैध रूप से जोताई शुरू कर दिया है बुद्धू भरदा के भाटा जमीन पर चारागाह के लिए जमीन आरक्षित है लेकिन अब मवेशियों के चारा के लिए गांव में जमीन ही नहीं बची है इससे मवेशी चरवाहो एवं पशु मालिकों को चारागाह को लेकर किसानो को चिंता सताने लगी है जिस जगह पर ट्रैक्टरों से अवैध जुताई कराई है वहीं श्मशान घाट के अलावा खेल मैदान भी रिजर्व है सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होने पर किसानों की खेत जाने वाली रास्ते भी पूरी तरह से बंद हो गए हैं। आसपास के किसानों को अपनी कृषि भूमि में जाने में काफी परेशानी हो रही है। जिससे किसानों में काफी असंतोष व्यप्त कर रहे है। आगे जानकारी के अनुसार बुद्धू भरदा की भाटा जमीन के नाम से जानी जाती है जहां मुरूम, रेत,तस्कर के अलावा भूमि माफिआ भी सक्रिय हैं गांव की सरकारी खाली चारागाह जमीन पर रेत तस्करों के द्वारा रेत डंप करके रखा हुआ है।

बुद्धू भरदा की सरकारी जमीन पर दलालों की नजर काफी दिनों से है तभी तो भूमाफिआ यहां जब चाहे तब रेत, मुरूम की चोरी कर ऊंची दामों पर बेचते हैं।प्रशासन को कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा चुकी है। कारवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती हैं चारागाह जमीन को भू माफिआओं ने सरकारी जमीन को घेरने की तैयारी में जुटे हुए है।प्रशासन द्वारा समय पर ब्रेक नहीं लगाई गई तो बुद्धू भरदा की 10 डिस्मिल सरकारी जमीन भी नहीं बच पाएगा। अभी तक ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा राजस्व विभाग के कोई भी अधिकारी कर्मचारी को सूचना नही दिया है जबकि इस मामले में गांव के ज़िम्मेदार होने के नाते संबंधित विभाग को इनकी सूचना देना था।

सरपंच ने भी साधी चुप्पी

बुद्धू भरदा में श्मशान घाट के पास सरकारी चारागाह पर अवैध रूप से ट्रैक्टरों से जुताई की शिकायत मिली है। इनके अलावा गांव में अवैध रूप से मुरम खुदाई की शिकायत भी मिली है हल्का पटवारी को उक्त जमीन स्थान की सीमांकन जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

- **पीएल नाग**, तहसीलदार

बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ज़िले में नये पुराने मतदाताओं के साथ ही नववधु और बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान केंद्रों पर सम्मान भी किया जा रहा है। महाविद्यालयों में नये मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलायी जा रही हैं।विकासखंड साजा में बीएलओ एवं सुपरवाइजरो का निर्वाचक नामावली के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत प्रशिक्षण दिया गया। अपर कलेक्टर छन्नूलाल मार्कण्डेय ने बीएलओ व सुपरवाइजरो को मतदान की शपथ दिलायी। उनके कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फार्म 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया व घर घर जाकर सर्वे के दौरान प्राप्त फार्म का संधारण करना एवं ऑनलाइन एंट्री करने हेतु कहा। मास्टर ट्रेनर ने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को एप्लीकेशन में के बारे में पावरप्वाइंट प्रस्तुति (पीपीटी) ज़रिए बीएलओ एप्लीकेशन फॉर्म आदि के संबंध में विस्तार से बताया।

कलिंगा विवि का संचार और कंप्यूटिंग पर अंतर्राष्ट्रीय IEEE विश्व सम्मेलन का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अन्तर्गत आईईईई कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा ने 14 एवं 15 जुलाई को कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में संचार और कंप्यूटिंग 2023 पर अंतर्राष्ट्रीय आईईईई विश्व सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी से संबंधित अत्याधुनिक और साथ ही उभरते विषयों को लक्षित किया। इसने इंटेलिजेंट सिस्टम पर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी रणनीति भी विकसित की। इस विश्व सम्मेलन का उद्देश्य शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग जगत के व्यक्तियों और छात्रों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में वर्तमान प्रवृत्ति और रणनीतियों के बारे में विचारों, अनुभव और विशेषज्ञता के साथ चर्चा करने और ज्ञान के आदान-प्रदान करने के अवसर प्रदान करना था।

गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड के निदेशक एवं गोदावरी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, हीरा समूह के प्रबंध निदेशक श्री सिद्धार्थ अग्रवाल को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। आईईईई इंडिया काउंसिल के पूर्व चेयर-एचटीसी डॉ चाणक्य झा और आईईईई एमपी सेक्शन के उपाध्यक्ष डॉ मनीष दीक्षित को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उद्घाटन के अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. संदीप गांधी, आईईईई सम्मेलन के आयोजक श्री हरीश पाटिल भी मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के साथ उपस्थित थे। कलिंगा विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर अनु पिल्लई ने समारोह के मास्टर के रूप में भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय की निदेशक और सम्मेलन की संयोजक डॉ. विजयलक्ष्मी बिरादर ने उद्घाटन के दौरान सम्मेलन के बारे में जानकारी दी।

वार्ड की जनता को मिली अस्पताल जैसी सुविधाओं की सौगात

■ **3.7 करोड़ से बनाए जा रहे हैं 10 वार्ड में सर्वसुविधायुक्त हमर क्लिनिक : वोरा**

दुर्ग/नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने शनिवार को बोरसी भाठा वार्ड 50, तितुरडीह, उरला एवं कातुलबोड के 4 वार्ड की जनता को हमर क्लिनिक की सौगात दी। 25 लाख के निर्माण एवं 12 लाख के सेटअप के साथ शहर के 22 वार्डों के स्लम क्षेत्र में घर के निकट बेहतर से बेहतर मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदाब करने के लिए वोरा लगातार प्रयासरत रहे एवं शासन से स्वीकृति भी दिलाई जिसके बाद प्रथम चरण में स्वीकृत 10 वार्डों में से 4 हमर क्लिनिक अब स्वयं के साफसुथरे एवं सर्वसुविद्धायुक्त भवन में संचालित होंगे। लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक वोरा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार सबको शिक्षा सबको स्वास्थ्य सबको राशन बेहतर से बेहतर स्तर पर उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है। जल्द ही 6 और वार्डों के हमर क्लिनिक बनकर तैयार हो जाएंगे जिससे ना सिर्फ जिला अस्पताल पर दबाव कम होगा बल्कि लोगों के समय व पैसों की भी बचत

होगी। वार्ड में ही एमबीबीएस डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता से बुजुर्गों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मुफ्त दवाएं मुफ्त ओपीडी से स्लम क्षेत्रों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा। शहर में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तृत किया जा रहा है जिला अस्पताल जैसी सुविधाएं विकसित करने के लिए शहर में बघेरा, पोटिया एवं धमधा नाका स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का अब हमर अस्पताल के रूप में उन्नयन किया जा रहा है। 50-50 लाख की राशि खर्च कर अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी, एक्स रे, डेंटल क्लिनिक, फिजियोथेरेपी सुविधाओं के साथ 24 घंटे ओपीडी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध रहेगी साथ ही चौबीसों घंटे डॉक्टरों की मौजूदगी रहेगी। वोरा ने कहा कि 15 वर्षों के भाजपा शासन में दुर्ग शहर में स्वास्थ्य सेवाएं केवल जर्जर जिला अस्पताल के भरोसे चल रही थीं लेकिन विगत 4 वर्ष में ना सिर्फ जिला अस्पताल को मेट्रो सिटी की तर्ज पर स्मार्ट बनाया गया है बल्कि हर वार्ड में जनता के लिए घर के द्वार पर मुफ्त एवं बेहतर इलाज उपलब्ध कराया गया है। लोकार्पण के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, पार्षद बृजलाल पटेल, जयश्री जोशी, अरुण सिंह, ज्ञानदास बंजारे, बिजेंद्र भारद्वाज, सीएमएचओ डॉ जे पी मेश्राम, डॉ राजेन्द्र खंडेलवाल, एल्डरमैन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, प्रोग्राम मैनेजर टार्जन आदिले सीजीएमएससी के अभियंता ललित वर्मा एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

गार्डन और तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण 5 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली में सुविधाओं का विस्तार करने स्थानीय विधायक व लोक निर्माण व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से 5 करोड़ 27 लाख 82 हजार स्वीकृत हुआ है। इस राशि से क्षेत्र के खाली जगहों पर उद्यान निर्माण के साथ ही तालाबों और डबरी का सौदर्यीकरण किया जायेगा। राशि स्वीकृति के आदेश आते ही निगम में निविदा कर कार्य को पूर्ण कराने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री ने नागरिकों को सुविधाएं देने लगातार बैठक लेते है। इसके अलावा समय-समय पर निगम के जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझायें गये सुझाव की समीक्षा भी करते है। इस वर्ष उन्होने नागरिकों को स्वस्थ वातावरण देने छोटे-छोटे उद्यान निर्माण करने के प्रस्ताव को प्रमुखता से भेजे जाने और राशि स्वीकृत कराने अथक प्रयास किया है। उन्होने बताया कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के डबरीनुमा तालाबों का भी सौदर्यीकरण कराने निर्देश विशेष रूप से दिये थे। आयुक्त ने कहा कि राशि शासन स्तर पर स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही कार्यो को पूर्ण करायेंगें।

वार्ड 01 तालपुरी में 20 लाख से उद्यान उन्नयन, बी ब्लॉक में उद्यान उन्नयन 17 लाख, वार्ड 05 एचएससीएल कालोनी में उद्यान निर्माण 19.97 लाख, वार्ड 06 रूआबांधा उद्यान निर्माण 19.98 लाख, वार्ड 07 रिसाली सेक्टर उद्यान उन्नयन 7.25 लाख, वार्ड 06 रूआबांधा सेक्टर उद्यान सौदर्यीकरण 20 लाख, वार्ड 10 लड्डू मैदान उद्यान उन्नयन 17.39 लाख, पुलिस बिड बाक्स के पास उद्यान उन्नयन 12.14 लाख, वार्ड 09 एसएसबी कैम्प

के सामने उद्यान निर्माण 19.98 लाख, ब्लॉक नं. 243 के सामने उद्यान निर्माण 20 लाख, वार्ड 27 मैत्री नगर मरीना कार्टेज के सामने उद्यान निर्माण 6.66 लाख, सी.एस.अग्रवाल घर के बगल उद्यान निर्माण 5.92 लाख, वार्ड 28 शक्ति विहार उद्यान निर्माण 7.40 लाख, गणेश पंडाल के पास उद्यान निर्माण 5.50 लाख, शक्ति विहार में उद्यान निर्माण 6.29 लाख, वार्ड 34 नेवई भाठा दशहरा मैदान के पास उद्यान निर्माण 19.98 लाख, वार्ड 17 शिवपारा शीतला तालाब के पास उद्यान निर्माण 19.98 लाख, वार्ड 33 नेवई बस्ती गतवा तालाब का संधारण 16.09 लाख, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व डबरी तालाब का संधारण 16.9 लाख से कराया जायेगा। इसी तरह वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व महका रोड में तालाब गहरीकरण व घाट निर्माण 19.91 लाख, वार्ड 19 विजय चैक में तालाब निर्माण 16.58 लाख, आंगनबाड़ी के पास उद्यान निर्माण 3.88 लाख, वार्ड 2 रूआबांधा झिरिया तालाब जीर्णोद्धार 19.99 लाख, वार्ड 21 सूर्या नगर तालाब निर्माण कार्य 6.18 लाख, वार्ड 20 शंकर पारा तालाब जीर्णोद्धार 18.375 लाख, वार्ड 12 मरोदा सेक्टर दुर्गा मैदान का सौदर्यीकरण कार्य 19.94 लाख, वार्ड 24 आजाद मार्केट रिसाली उद्यान निर्माण 19.47 लाख, वार्ड 20 शंकर पारा में गार्डन निर्माण कार्य 12.58 लाख से कराया जायेगा।

पोटिया कला ट्रैचिंग ग्राउंड की खाली जमीन में होगा रीपा निर्माण कार्य

■ **रीपा केन्द्र निर्माण को लेकर महापौर एवं आयुक्त ने अल सुबह जगह स्थल का किया निरीक्षण**

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी इंडस्ट्रीयल पार्क योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज महात्मा गांधी शहरी औद्योगिक पार्क रीपा केंद्र निर्माण के लिए अल सुबह महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने एमआई सी दीपक साहू,संजय कोहले,भोला महोविया,सहायक अभियंता जितेंद्र समैया के अलावा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ रीपा केंद्र बनाए जाने को लेकर गोकुल नगर गौठान और पोटियाकला ट्रेंचिंग ग्राउंड का अवलोकन किया। जिसमे पोटियकला ट्रैचिंग ग्राउंड को रिक्त भूमि को चिन्हित किया गया,इसके लिए मौजूद अधिकारियों से

बातचीत कर आगे निर्णय लेने की बात कही।उन्होंने कहा कि रीपा केन्द्र के लिए रिक्त भूमि चिन्हित होने के बाद रीपा केंद्र पर छोटे व बड़े पौधे लगाने की बात कही।ताकि जब रीपा केंद्र का निर्माण के चारो तरह हरियाली हो सके,भविष्य में रीपा केंद्र में अच्छी चीजों का उत्पादन किया जाएगा।पोटिया कला स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड रिक्त जगह को चिन्हित कर अधिकारियों को पटवारी से जानकारी लेने के लिए निर्देश दिए गया।राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के अंतर्गत सभी जिलों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया जा रहा है, इसमें शहरी क्षेत्रों के चयनित जगहों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की कवायद जारी है।

कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य किये जाने हैं।इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाओं और शहरी युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है।

सेजस जंजगिरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया वन महोत्सव

कुम्हारी/नवप्रदेश। व्यावहारिक गतिविधियां विद्यार्थी जीवन में अमिट छाप छोड़ती है यही कारण है कि स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान पर बल देता है। इसी क्रम में दिनांक 15 जुलाई शनिवार को विद्यालय परिसर में ÷वन महोत्सव÷ का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने अपने उद्बोधन में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला और स्वयं एक पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी छात्र छात्राओं ने बेहद उत्साह से भाग लिया। सभी बच्चों ने अपने-अपने घरों से पौधे लाकर विद्यालय प्रांगण में रोपित किया तथा इन को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के साथ ही बच्चों को स्वच्छता का महत्व भी बताया गया जिससे कि वे

अपने घर तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखें साथ ही नो प्लास्टिक अभियान के तहत प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर भी चर्चा की गई और उन्हें प्लास्टिक के स्थान पर अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर भी बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने हरे रंग का वस्त्र पहना हुआ था तथा बड़े उत्साह के साथ वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के अंत मे बच्चों द्वारा गेड़ी चलाया गया। इस प्रकार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विद्यालय प्रांगण में वन महोत्सव संम्पन्न हुआ।

लिमतरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र संघ का गठन

कुम्हारी/नवप्रदेश। शनिवार को ग्राम लिमतरस के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रसंघ का गठन हुआ। छात्रसंघ के गठन में शाला नायक जीत कुमार को बनाया गया साथ ही उप शाला नायक पायल नेताम अनुशासन प्रभारी गौकरण सांस्कृतिक सचिव प्रवेश धीवर व छात्र प्रतिनिधि महक वर्मा का चयन किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमतरा के शिक्षक अश्वनी कुमार कुर्रे प्रहलाद

वर्मा ने चयनित छात्र छात्राएं पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं। तमाम गतिविधियों के अलावा बच्चों को मन लगा कर पढ़ाई करना चाहिए ताकि एक दिन वे प्रदेश ही नही बल्कि देश की प्रगति में भागीदार बन सकें। कार्यक्रम का संचालन रेखा शर्मा ने किया।

35 लाख की लागत से शहर में लगेंगे 12 वाटर एटीएम

भिलाई/नवप्रदेश। शहर के भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार करोड़ों की लागत से विकास कार्य हो रहे हैं। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की सुविधाओं के लिए 66.63 लाख की लागत से और सौगात देने वाले हैं। इसमें उन्होंने कई विकास कार्य के साथ वाटर एटीएम भी लगाए जाएंगे। 12 नग वाटर एटीएम लगाया जाएगा। करीब 35 लाख की लागत से ये एटीएम लगाए जाएंगे। इसके अलावा भी कई विकास कार्य होंगे। इसके लिए विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर शासन ने स्वीकृति दे दी है। भेंट मुलाकात के दौरान विधायक श्री यादव से क्षेत्र के नागरिकों ने जो मांगे की थी। उन मांगों को पूरा किया जा रहा है। जोन 5 क्षेत्र में 24 लाख की लागत से 8 नग वाटर एटीएम लगाया जाएगा। इसमें सेक्टर 4 सर्वेश्वर धाम के पास, सेक्टर 4 पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, सेक्टर 7 बस्ती के पास, सेक्टर 7 एवेन्यु बीके पास, सेक्टर 8 मार्केट के पास, सेक्टर 10 सड़क 18 के पास, सेक्टर 9 मार्केट के पास बनाया जाएगा। इसके अलावा करीब 4 लाख की लागत से सेक्टर 9 हास्पिटल सेक्टर मार्केट के पास वाटर एटीएम स्थापना की जाएगी। 9 लाख की लागत से जोन 3 क्षेत्र में 3 नग वाटर एटीएम की स्थापना की जाएगी। सेक्टर 1 जनता कार्यालय के पास, सेक्टर 1 सड़क 35 एवं 36 उद्यान के पास और सेक्टर 2 अयप्पा मंदिर रोड के पास लगाया जाएगा।

4 लाख से बनेगा डोम शेड

3 लाख की लागत वार्ड 67 सेक्टर 7 सड़क 40 स्थित मंदिर के पास मंच निर्माण किया जाएगा। 2 लाख की लागत से वार्ड 68 वीर हनुमान मंदिर के समीप सार्वजनिक शौचालय निर्माण किया जाएगा। 3 लाख की लागत से वार्ड 70 तथागत बुद्धविहार सभागार के पास सार्वजनिक मंच निर्माण किया जाएगा। 4 लाख की लागत से वार्ड 60 सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर के समीप डोम शेड निर्माण किया जाएगा। इस प्रकार कुल भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में करीब 66.63 लाख की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे।

जनता की मांग हो रही पूरी

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि हम लगातार भेंट मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान जनता अपनी जो समस्या बताते हुए। उसका निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान जहां वाटर एटीएम, डोम शेड आदि विकास कार्य की मांग की गई थी। उन विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। स्वीकृति मिल गई है।, जल्द ही विकास कार्य किया जाएगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202307100400140/ अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा साहू आ./पति महेन्द्र साहू निवासी-वार्ड नं. 57 उरला के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 16 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 570/17 रकबा 0.0206 हे. 2220 वर्गफीट (अवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/07/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202307100400137/ अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलराम साहू आ./पति डमरू राम साहू निवासी-वार्ड नं. 50 उरला के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 16 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 551/21 रकबा 0.020 हे. 2145 वर्गफीट (अवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/07/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2022-23, ग्राम- आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डा. घनश्याम टंडन अध्यक्ष पिता स्व. पुरनलाल टंडन सतनामी समाज (छ.ग. विकास समिति) आरंग निवासी आरंग के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र आरंग में स्थित भूमि खसरा नं. 3482/1 रकबा 1.4160 हे. का भाग रकबा 7500 वर्गफुट पर नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण किया जा चुका है। उक्त भूमि मांग हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन कार्यालय कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर का पत्र क्र. 633/भू-आबंटन/ 2023 रायपुर दिनांक 11.07.2023 के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 28.07.2023 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2022-23, ग्राम- आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वैभव अग्रवाल पिता अशोक कुमार अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल समाज आरंग के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र आरंग में स्थित भूमि खसरा नं. 312/1 रकबा 6.380 हे. का भाग रकबा 7500 वर्गफुट पर नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण किया जा चुका है। उक्त भूमि मांग हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन कार्यालय कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर का पत्र क्र. 625/भू-आबंटन/ 2023 रायपुर दिनांक 11.07.2023 के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 28.07.2023 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2022-23, ग्राम- आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेश शर्मा पिता स्व. रामनगीना शर्मा अध्यक्ष ब्राम्हण समाज आरंग के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र आरंग में स्थित भूमि खसरा नं. 3252/1 रकबा 2.298 हे. का भाग रकबा 7500 वर्गफुट पर नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण किया जा चुका है। उक्त भूमि मांग हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन कार्यालय कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर का पत्र क्र. 607/भू-आबंटन/ 2023 रायपुर दिनांक 11.07.2023 के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 28.07.2023 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2022-23, ग्राम- आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल प्रसाद पटेल पिता स्व. श्री तिहारू राम पटेल अध्यक्ष मरार समाज आरंग के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र आरंग में स्थित भूमि खसरा नं. 2654/1 रकबा 2.428 हे. का भाग रकबा 7500 वर्गफुट पर नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण किया जा चुका है। उक्त भूमि मांग हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन कार्यालय कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर का पत्र क्र. 601/भू-आबंटन/ 2023 रायपुर दिनांक 11.07.2023 के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 28.07.2023 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2022-23, ग्राम- आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कैलाश ठाकुर पिता स्व. लखनलाल ठाकुर अध्यक्ष सेन समाज आरंग के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र आरंग में स्थित भूमि खसरा नं. 4189/1 रकबा 16.977 हे. का भाग रकबा 7500 वर्गफुट पर नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण किया जा चुका है। उक्त भूमि मांग हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन कार्यालय कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर का पत्र क्र. 559/भू-आबंटन/ 2023 रायपुर दिनांक 11.07.2023 के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 28.07.2023 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2022-23, ग्राम- आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खिलावन निषाद पिता श्री राजू निषाद अध्यक्ष निषाद समाज आरंग के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र आरंग में स्थित भूमि खसरा नं. 3252/1 रकबा 2.298 हे. का भाग रकबा 7500 वर्गफुट पर नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण किया जा चुका है। उक्त भूमि मांग हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन कार्यालय कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर का पत्र क्र. 621/भू-आबंटन/ 2023 रायपुर दिनांक 11.07.2023 के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 28.07.2023 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, आरंग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202307100400136/ अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंजुला वैष्णव आ./पति राकेश वैष्णव निवासी-हिर्री तहसील धमधा के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.नं. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 328/29 रकबा 0.009 हे. 900 वर्गफीट (अवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/07/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202307100400139/ अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलराम साहू आ. डमरूराम साहू निवासी- उरला बस्ती के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 16 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 553/5 रकबा 0.009 हे. 954 वर्गफीट (अवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/07/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अं. चौकी जिला-मोहला-मानपुर अ. चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202306300600013/वर्ष 22-23

विषय :- अ 19(4) (कृषि योग्य भूमि से संबंधी अन्य मामले) श्रीमती रेवती बाई देवांगन पति नितिन कुमार देवांगन निवासी अ.चौकी (वार्ड नं. 008) तहसील अ. चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेवती बाई देवांगन पति नितिन कुमार देवांगन जाति कोष्टा निवासी अं. चौकी, (वार्ड नं. 008) तहसील अं. चौकी जिला मोहरा मानपुर अ.चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे द्वारा अं. चौकी स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 205/6 का टु. रकबा 468 वर्गफीट मकान बनाकर विगत वर्षों से काबिज हूं। उक्त शासकीय भूमि के संबंध में व्यवस्थापन के समय प्रब्याजी का निर्धारण कर भूमि स्वामी अधिकार में प्राप्त करने हेतु सहति बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20/06/2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/06/2023 को जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, अं. चौकी

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमा बाई यादव पिता स्व. अघनू राम निवासी ककरेल राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के पिता अघनू राम पिता नाथूराम के नाम पर ग्राम उतई प.ह.नं. 52 स्थित भूमि खसरा नं. 1368/1 रकबा 0.38 हे. भूमि स्थित है। मृतक भूमिस्वामी अघनू राम पिता नाथूराम की मृत्यु दिनांक 12/02/2023 को हो चुकी है। मृतक भूस्वामी अघनू राम पिता नाथूराम के मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/7/23 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/7/23 को यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा.प्र.क्रमांक 202307101500009 ब/121 वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भागचंद गोलछा पिता स्व. श्री शंकरलाल गोलछा निवासी तीसरा मंजिल ऋषण काम्लवेक्स एम.जी. रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नं. 2065/3 का टु. रकबा 0.05 हे. भूमि को दिनांक 31.08.2007 को भूमिस्वामी विक्रेता राधेहरि सिंह ठाकुर पिता मनराखन सिंह ठाकुर से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय आधार दिनांक 01.10.2007 को आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज पश्चात वर्तमान में आनलाईन कम्प्यूटर में नाम पर दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक तुकाराम आ. स्व. बेहरदास निवासी ग्राम पंचदेवरी तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख त्रुटि सुधार किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25.07.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री संदर्भ विश्वकर्मा

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400145

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संदर्भ विश्वकर्मा आ. श्री सुरेश कुमार विश्वकर्मा निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
आवेदक प्रमोद पाटनी पिता फूलचंद पाटनी निवासी सदर बाजार दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला गंजपारा नजूल भूमि शीट क्र. 30 बी भूखंड क्रमांक 66/ 2 9, 68/2 क्षेत्रफल 188.00 वर्गमीटर आवासीय/व्यवसायिक स्थाई नजूल पट्टे पर भूमिस्वामी अधिकार में स्थायी पट्टे में मांग की गई। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11/09/2-19 एवं 26/10/2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/पट्टेदार/ आवेदिका द्वारा शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखंड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण नजूल न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/08/2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 13/7/23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील — नजूल अधिकारी दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202307101600011
विषय ब-121 मामले की श्रेणी राजस्व सन 22-23
कुगदा प.ह.नं. 00013 (हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- राकेश प्रसाद
अनावेदक पक्षकार- राजस्व विभाग
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश प्रसाद पिता बुधई प्रसाद निवासी कुगदा तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम कुगदा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. चरोदा तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 461/5 रकबा 0.6520 हे. भूमि के खसरे की भूमि का नक्शा वर्तमान में छोटा दिखा है। जिसे सुधार किए जाने के संबंध में आवेदक कार्यालय अनु. रा.भिलाई 03 के माध्यम से प्रकरण जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो दिनांक 27.07.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.07.2023 को जारी किया जाता है।
सील — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई-3

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
प्र.क्र. 202307104300015
अ-2 वर्ष 2022-23
एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगन्नाथ जैना आ. श्री रमेश कुमार जैना साकिन स्टोर पारा पुरैना तह. भिलाई 3 व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम जरवाय प.ह.नं. 10 तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 540/7 रकबा 0.013 हे. 1352 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में 7 दिवस के भीतर स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 14/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 3 जिला दुर्ग

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
प्र.क्र. 202307104300015
अ-2 वर्ष 2022-23
एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नारायण प्रसाद अन्य 4 आ. स्व. श्री अलगू राम साकिन बी.एम.वाय. चरोदा तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.नं. 09 तहसील भिलाई 3 व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नं. 277/18 रकबा 0.0105 हे. अर्थात 1750 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में 7 दिवस के भीतर स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 14/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 3 जिला दुर्ग

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 एवं प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. अ-19/वर्ष 2022-23
उद्घोषणा
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी कुमार साहू पिता स्व. बाबूलाल साहू निवासी जरवाय तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग द्वारा अपने भाई गिरधारी लाल साहू के नाम से क्रय की गई भूमि भूखंड क्रमांक 43 क्षेत्रफल 34 वर्गमीटर पट्टा वर्ष 1984 जारी पट्टा दिनांक 09.07.1984 को पट्टाधारक फूलेश्वरी बाई के द्वारा विक्रय कर कब्जा दिया गया है। अतः आवेदक के द्वारा उक्त पट्टे की अवैध बिक्री की नियमितीकरण एवं भूमिस्वामी अधिकार स्वयं अश्वनी कुमार साहू के नाम पर प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो दिनांक 28/07/2023 तक मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
उद्घोषणा आज दिनांक 28/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 03 एवं प्राधिकृत अधिकारी न.पा. नि. भिलाई चरोदा

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. अ-6/2022-23
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शांति देशमुख पति स्व. भेमेन्द्र देशमुख निवासी ग्राम थनौद तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम थनौद तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 265/3, 228/1, 2681 रकबा 0.23, 0.10, 0.36 भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार भेमेन्द्र कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 24/07/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 04/07/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 04/07/2023
सुनवाई दिनांक 24/07/2023
सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. अ-6/2022-23
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति जीनत खान पिता/पति के नारायण तामडे निवासी ग्राम दीक्षित भिलाई व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 24/1/53 रकबा 0.01 हे. भूमि जो कि आवेदक/शाामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 28/07/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 10/07/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 10/07/2023
सुनवाई दिनांक 28/07/2023
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र.-4208 दिनांक 14.7.2023
वार्ड का नाम-11- कालीमाता वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि/ जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR330G00004 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DHAN SINGH PURENA पिता/पति श्री LATE BUTURAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. श्रीमती एच.वी.पुरेना पति स्व. धनसिंह पुरेना 2. श्रीमती प्रेमलता नवरंगे पति स्व. भरत नवरंगे 3. डा. प्रेमशंकर पिता धनसिंह पुरेना 4. कुमारी लक्ष्मी पुरेना पिता धनसिंह पुरेना 5. श्री चन्द्रकांत पुरेना पिता धनसिंह पुरेना पिता/पति श्री/श्रीमती --- ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बा नामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गृह निर्माण मण्डल का नामांतरण आदेश** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री लोकेश चंद्रवंशी (जोन कमिश्नर) जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.)
Email:npmandirhasaud@gmail.com 077-2472211
क्रमांक/1672/न.पा./लो.नि.वि./2023-24 मंदिर हसौद, दिनांक 14/07/2023
मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.08.2023 समय 05.00 बजे तक।

क्रं.	कार्य का नाम	निविदा की राशि (लाख)
01	वार्ड क्र. 02 डबरी तालाब कुरूद में 02 नग पचरीकरण	6.14
02	वार्ड क्र. 01 नवा तालाब कुरूद में 02 नग पचरीकरण	6.14
03	वार्ड क्र. 09 बड़ा तालाब मंदिर हसौद में 01 नग पचरीकरण	3.96
04	वार्ड क्र. 08 पछडिया तालाब में 01 नग पचरीकरण	2.48
05	वार्ड क्र. 18 सोनई तालाब में 01 नग पचरीकरण	2.48
06	वार्ड क्र. 16 दमऊवा तालाब में 01 नग पचरीकरण	3.96
07	वार्ड क्र. 10 जुन्नाडीह तालाब में 01 नग पचरीकरण	2.48
08	वार्ड क्र. 07 इंदिरा कालोनी में तालाब में 01 नग पचरीकरण	2.48
09	मालती अग्रवाल के घर से तालाब तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (द्वितीय)	7.07
10	एस.एल.आर.एम. सेंटर कुरूद में शेड निर्माण कार्य	6.06

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.)
E-mail-eeresdvgariyaband@gmail.com
मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 16/2023-24
क्रमांक/2812/निविदा/ ग्रा.यां. से./ 2022-23 गरियाबंद दिनांक 13/07/2023
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है।
1 निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि :- 21.07.2023
2 कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 25.07.2023
3 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 26.07.2023
निविदा निम्नानुसार हैः-

स.क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (लाख रु. में)	निविदा आमंत्रण
1	2	3	4
1	नवीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (03 नग) प्रा.शा. हथौड़ाडीह	19.11	पंचम आमंत्रण
2	नवीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (03 नग) प्रा.शा. चिपरी	19.11	पंचम आमंत्रण
3	नवीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (03 नग) प्रा.शा. जोबपारा	19.11	पंचम आमंत्रण
4	विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत शा.प्रा./मा.शा/शा. हाई स्कूल में जीर्णोद्धार कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (ग्रुप क्रमांक 01 से 34 तक)	20.00 कम	तृतीय आमंत्रण
5	विकासखण्ड देवभोग अंतर्गत शा.प्रा./मा.शा/शा. हाई स्कूल में जीर्णोद्धार कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (ग्रुप क्रमांक 01 से 18 तक)	20.00 कम	द्वितीय आमंत्रण
6	विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत शा.प्रा./मा.शा/शा. हाई स्कूल में जीर्णोद्धार कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (ग्रुप क्रमांक 01 से 10 तक) एवं (ग्रुप क्रमांक 19 से 76 तक)	20.00 कम	द्वितीय आमंत्रण
7	विकासखण्ड छुरा अंतर्गत शा.प्रा./मा.शा/शा. हाई स्कूल में जीर्णोद्धार कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (ग्रप क्रमांक 11 से 24 तक) एवं (ग्रुप क्रमांक 25 से 42 तक)	20.00 कम	द्वितीय आमंत्रण

उपरोक्त प्रत्येक निर्माण कार्यो की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750 रूपये की डी.डी संलग्न किया जाना है की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in में देखी जा सकती है।
जी-03320/3 — कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गरियाबंद

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। दूसरी राज्य स्तरीय कलारिपयत्तू चैंपियनशिप का आयोजन 15 एवं 16 जुलाई को बिलासपुर सरकंडा में किया जा रहा है। जिसमें बालोद जिला के करीबन 30 खिलाड़ी सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर वर्ग में हिस्सा लेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चूआ डुकल, हाई किक ,तलवार ढाल ,लोंग स्टिक ,एवं उर्मी इवेंट्स में भाग लेंगे भाग लेने वाले खिलाड़ियों के नाम इस तरह है सब जूनियर वर्ग 10 से 14 वर्ष सादिक दुबे, हिमानी, सिमरन सिंह मौली, सोनम साहू, हर्षदीप साहू , आयुष ,पल्लवी साहू, ,सुमन वर्मा, 15 से 18 वर्ष जूनियर ग्रुप में जासमीन साहू, दिव्यानी यादव, जिया जायसवाल सिद्धि नेताम 18 वर्ष से ऊपर के आयु ग्रुप में विपिन ,गगन सोनी ,मिलन , यह खिलाड़ी दल्ली राजहरा मार्शल आर्ट क्लब के हैं लक्ष्मी साहू, भारती यादव, तपस्वी यादव, खिलेश्वर साहू ,मानसी रानी, आशीष निषाद, त्रिवेणी राजपूत। यह खिलाड़ी वीर नारायण सिंह क्लब बालोद के हैं अधिकारी के रूप में हरबंस कौर एवं किशोर नाथ योगी शामिल होंगे इसकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता 11 से 13 अगस्त त्रिवेंद्रम में आयोजित है इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे राष्ट्रीय स्पर्धा में सीनियर वर्ग में अच्छे प्रदर्शन एवं पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 37 नेशनल गेम जो गोवा में आयोजित है उसके लिए भी चयन किया जाएगा एवं 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को खेलो इंडिया यूथ गेम के लिए चयनित होंगे इस मौके पर श्री मान बी आर गहरवार मुख्य महाप्रबंधक खदान लौह अयस्क समूह राजहरा श्री नितेश छतरी वरिष्ठ प्रबंधक लौह अयस्क समूह राजहरा कलारिपयत्तू बालोद जिलाअध्यक्ष अनिल , डॉक्टर श्रीमती पूर्णिमा राजपूत, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर श्री ए के भास्कर ,निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्य सिस्टर जोसिया मेरी, पालक गण एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश कलारिपयट्टू संघ के अध्यक्ष लखन साहू ने प्रदान की।

अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत 13 जुलाई को थाना बेरला के ग्राम तिलई में आरोपी हरीशचंद देवांगन के मकान में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु अपने पास शराब रखने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। आरोपी हरीशचंद देवांगन पिता गोकुल प्रसाद देवांगन उम्र 50 साल साकिन तिलई से 80 पौवा देशी मशाला शराब एवं 98 पौवा अंग्रेजी शराब, कुल जुमला 178 पौवा देशी मसाला/अंग्रेजी शराब कीमती 20560 रूपये जप्त कर कार्यावाही किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही थाना बेरला सउनि केवल नेताम, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा एवं प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पांडेय, राजेश ध्रुव, राजेन्द्र जायसवाल, तुकाराम निषाद, तारकेश्वर साहू, महेश जांगडे एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

छड़िया में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया

खरोरा/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एनजीओ खुशहाल परियोजना रायपुर के द्वारा सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के बच्चों के द्वारा गीत कविता नाटक आदि के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई । इस अवसर पर ग्राम के सरपंच आशीष वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या नियंत्रण देश के लिए बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम में रोजगार सहायक शाखा राम कोसले एनजीओ की सरिता मधुकर, देवेंद्र कुमार कर्ष स्वास्थ्य विभाग से ओ पी साहू एवं ए पी वर्मा तथा शाला के प्रधान पाठक सेत कुमार देवांगन, धीरेंद्र कुमार वमा, प्रवीण कुमार साहू, तारकेश्वर धीवर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र कुमार वर्मा शिक्षक के द्वारा किया गया।

पांच जुआरी पुलिस की गिरफ्त में

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत 12 जुलाई को थाना खम्हरिया क्षेत्रांतर्गत नदी किनारे वार्ड नं 14 थानखम्हरिया के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं की सुचना पर थाना खम्हरिया पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर 5 जुआड़ी पकडे गये। थाना खम्हरिया में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 5 जुआडियों के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों मोह. वल्ली पिता अकलीम मोह. उम्र 33 साल, साकिन वार्ड नं 11 थान खम्हरिया, हफीज बेग पिता सफील बेग उम्र 36 साल साकिन वार्ड नं 14 थान खमहरिया, विष्णु माण्डले पिता संतराम उम्र 35 साल, साकिन वार्ड नं 01 थान खम्हरिया, रजुत ध्रुवे पिता इतवारी उम्र 39 साल, साकिन गौरझुमर थाना सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम, ईश्वर साहू पिता दयाराम उम्र 55 साल, साकिन सिंगारपुर, थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी 14030 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया तथा पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह, आरक्षक बलदेव निषाद, नुरेश वर्मा, तोरण डहरिया, गौकरण मंडावी, अरूण वर्मा एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

समाधान शिविर लगाकर लोगों को किया जागरूक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल मार्गदर्शन में थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा जन चौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत 13 जुलाई को डीएसपी कमल नारायण शर्मा एवं स्टाफद्वारा थाना चंदनू क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटई में ग्रामवासियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया। लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाये और इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। साथ ही यातायात के नियमो की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शराब पीकर वाहन न चलाने, यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया तथा साइबर अपराध के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई तथा मोबाईल गुम लिंक व हमर बेटी हमर मान के संबंध में जानकारी दिया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। इस दौरान डीएसपी कमल नारायण शर्मा, प्रधान आरक्षक लोकेन्द्र पांडेय, अजय बंजारे, आरक्षक संजय साहू व अन्य स्टाफ एवं ग्राम कटई के वरिष्ठ व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

45 छात्राओं को मिली साइकिल

खरोरा/नवप्रदेश। शासकीय उच्च .माध्यमिक शाला मोहरेगां (तिल्दा) में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 45 छात्राओं को निशुल्क सायकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर शशिकला त्रिपाठी - शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सरजू राम साहू - सरपंचलक्ष्मण त्रिपाठी-उपसरपंच राजकुमार ठाकुर, संसद प्रतिनिध बनवाली शान- सदस्य राज्जु यादव, सदस्य मंतराम बांधे,सदस्य तुलेश्वर साहू-पालक सदस्य, अशोक कुमार साहू-सदस्यपति, अरविद केरकेट्टा-प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी,राजेश नायक व्याख्याता उपस्थित थे ।

3 वर्षों से बंद पोषण पुनर्वास केंद्र को शुरू करने स्वास्थ्य मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कवर्धा/नवप्रदेश। बंद पोषण पुनर्वास केंद्र प्रारम्भ करने स्वास्थ्य मंत्री टी एस बाबा एवम प्रमुख सचिव के नाम जोगी कांग्रेस ने तहसीलदार एवम बीएमओ को ज्ञापन सौंपा। जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि कबीरधाम जिला में कुपोषण से पीड़ित बच्चो के लिए एनआरसी सेंटर चालू था जिसमें कुपोषण से पीड़ित गरीब परिवार के बच्चो को लाभ मिलता था लेकिन विगत 3 वर्षो से सहसपुर लोहारा, बोड़ला ,झलमला का एनआरसी सेंटर बंद है जो मंत्री मोहम्मद अकबर का विधानसभा क्षेत्र है उसके बावजूद अपने विधानसभा के प्रति तनिक भी चिंतित नही है ,निष्क्रिय विधायक है इनकी निष्क्रियता से ही तीनो एनआरसी 3 वर्षों से बंद है । जोगी कांग्रेस लोहारा के ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र मरकाम ने कहा कि एक ओर सरकार कुपोषण दूर करने के लिए तमाम प्रकार की योजनाए चला रही है ,लाखो करोड़ो रूपए कुपोषण को दूर करने के लिए खर्च किये जा रहे है लेकिन वो खर्च सिर्फकागजों में हो रहा है ।

कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों ने देखा ऑनलाइन सम्मेलन

भाटापारा/नवप्रदेश। किसान उत्पादक संगठन (एफपी.ओ) सहकारिता के लिए हुआ राष्ट्रीय महासम्मेलन का सीधा प्रसारण का आयोजन को भाटापारा में सम्मेलन के साथ देखा सुना गया, यह सम्मेलन राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित है।

नगर के कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी डा. सागर आनंद पाण्डेय ने एफपी.ओ. (किसान उत्पादक संगठन) के बारे में जानकारी देते हुए बताया की किसानों का यह समूह खुद किसानों के हित में काम करता है। किसान उत्पादन संगठनों से जुड़कर किसान निश्चित होकर कृषि कार्यो के साथ-साथ अपने हितों की रक्षा कर पाते है।

संस्था के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा. अंगद सिंह राजपुत ने बताया कि एफपी.ओ. (किसान उत्पादक संगठन) कृषि परिवर्तन के प्रमुख वाहकों में से एक है। यह किसानो को संसाधन जुटाने और उपज बेचने के लिए सौदेबाजी की शक्ति बढ़ाने में समर्थ बनाता है। साथ ही साथ इस सम्मेलन की उद्देश्य से भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी पी.डी. वर्मा, श्रीमति स्वाति ठाकुर मिर्झा, डा. साबजाज आदि उपस्थित रहे।

इंडस्ट्रियल पार्क में रोपे गए फलदार वृक्ष

उतई/नवप्रदेश। ग्राम कातरो के महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में पौधा रोपण किया गया। जिसमे अलग-अलग प्रकार के फलदार पौधे लगाया गया। साथ ही पौधे की सुरक्षित रखने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सरपंच मंजू यदु देवकी साहू युगल साहू डाक्टर पी एल साव अंजली साव युगल किशोर साहू नितिन साहू आदि शामिल थे।

निलजा में रोका छेका

खरोरा/नवप्रदेश। गुरुवार को गौठान निलजा में शासन की निर्देशानुसार रोका छेका का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फसल की सुरक्षा के लिए जानवरों को खुले न छोड़ने की अपील किया गया एवं गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी किया गया। घुमन्तु पशुओं को गोठान में रखने की अपील किया गया। इस कार्यक्रम में घनश्याम वर्मा अध्यक्ष गोठान समिति, चंद्रशेखर वर्मा सरपंच, देवकुमार यादव सचिव, डॉ दास गुप्ता पशु चिकित्सा, प्रियंका सेमुअल, संजय सिंह, दौलत बघेल, शकुन वर्मा, परमेश्वरी वर्मा अवध साहू किरण साहू रमेश साहू अजय वर्मा गोठान समिति के सदस्यों, महिला समूह के सदस्य गण पंच गन एवम ग्रामीण उपस्थित थे।

पुलिस की जन चौपाल में समाधान शिविर भी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल मार्गदर्शन में थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा जन चौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत 13 जुलाई को डीएसपी कौशिल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी ब्रिज किशोर यादव, थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक जेपी सिदार एवं अन्य स्टाफ थाना नांदघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम संबलपुर में ग्रामीणों को किसी भी अज्ञात व्यक्ति के फोन कॉल पर विश्वास न करने, किसी भी अज्ञात व्यक्ति को अपना बैंक से संबंधित कार्ड डिटैल, ओटीपी, पिन, पासवर्ड न बताने एवं अन्य साइबर क्राइम से बचने और यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया। लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाये और इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया तथा मोबाईल गुम लिंक व हमर बेटी हमर मान के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही ग्रामवासियों से गांव के समस्या संबंधी चर्चा किया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। इस दौरान डीएसपी कौशिल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी ब्रिज किशोर यादव, थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक जेपी सिदार, प्रधान आरक्षक आनंद कुर्रे व अन्य स्टाफएवं ग्राम संबलपुर के वरिष्ठ व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय दैहानडीह में वृक्षारोपण

कवर्धा/नवप्रदेश। शास. पूर्व माध्य. शाला दैहानडीह में दिनांक - 11/07/2023 को पाठशाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आत्माराम पटेल एवं अनिल पटेल,रामखिलावन पटेल, हाई स्कूल के प्राचार्य रामनरायाण दुबे, प्राथ0 शाला के प्रधान पाठक प्रकाश चौबे, संस्था प्रमुख प्रधान पाठक रमेश चौरिया, शिक्षक यशवंत देवांगन, धनसिंह चंद्रवंशी, कुंजबिहारी साहू, हिरदे राम देहारी, प्रमोद वर्मा एवं गणमान्य नागरिकों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के पौधे जिसमें आम, जाम, पीपल, कटहल, करँज, करौंदा, आँवला, अमरूद, आदि लगाए गए। बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

फिल्म बवाल का प्रमोशन करने पहुंचे वरूण धवन और जान्हवी

जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म बवाल इसी महीने रिलीज होने वाली है। इससे पहले दोनों स्टार्स फिल्म का लगातार प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में दोनों को मुंबई में स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। प्रमोशन के दौरान जान्हवी और वरुण काफी स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो में जान्हवी व्हाइट और पिंक फ्लोरल बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आईं। इस लुक को उन्होंने लाइट मेकअप और हाई हील्स के साथ कम्पलीट किया है। वहीं वरुण ब्लैक लेदर जैकेट और ब्लैक जीन्स में काफी हैंडसम लग रहे हैं। दोनों ने साथ में पैपराजी को पोज दिए। सोशल मीडिया पर फैंस को दोनों का लुक काफी पसंद आया। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म बवाल का ट्रेलर 9 जुलाई को रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में वरुण- जान्हवी पति-पत्नी को रोल निभा रहे हैं। फिल्म का डायरेक्शन नितेश तिवारी ने किया है। ये रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म में वरुण एक साधारण टीचर का रोले निभा रहे जिनका नाम अज्जू भैया है। जान्हवी की बात करे तो वह निशा नाम की ल?की के रोल में हैं। कुल मिलकर फिल्म में प्यार, रोमांस और ड्रामा सब कुछ देखने को मिलेगा।

उर्फी करेंगी धमाकेदार एंट्री

टीवी शो से लेकर ओटीटी बिग बॉस से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस उर्फी जावेद अपने अतरंगी फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस हर दिन नए-नए डिजाइन के कपड़े पहने लोगों को चौंका देती हैं। इतना ही नहीं अपने अतरंगी फैशन और कपड़ों के अंदाज को लेकर सोशस मीडिया पर काफी ट्रोल भी होती रहती हैं। उर्फी का कहना है कि वो ये सब इसलिए करती है क्योंकि उनको अटेंशन पसंद है। लेकिन आज उर्फी को लेकर हम दूसरी खबर लाएं हैं। उर्फी जावेद अब फिल्मों में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। मीडिया के अनुसार, एकता कपूर की फिल्म लव सेक् स और धोखा 2 में लीड एक्ट्रेस के लिए उर्फी को कास्ट करने की बात चल रही है। बिग बॉस 16 फेम निमृत कौर अहलूवालिया भी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं।

ये फिल्म साल 2010 में दिबाकर बनर्जी के डायरेक्शन में बनी है। यह फिल्म लव सेक् स और धोखा का सीक्वल है। इसके पहले पार्ट में राजकुमार राव, नुसरत भरुचा और अंशुमान झा जैसे कलाकार नजर आए थे। उस समय में इस फिल्म की जमकर तारीफ हुई थी। फिल्म स्क्स स्कैंडल्स पर बेस्ड थी। अब एकता कपूर इसका सीक्वल लेकर आ रही हैं। जिसका थीम 'इंटरनेट के दौर में प्यार' है। खबरों के अनुसार, एलएसडी 2 के मेकर्स ने उर्फी जावेद से फिल्म को लेकर कॉन्टैक्ट किया है। पिछली फिल्म में जिस तरह से तीन अलग-अलग कहानियों से शुरुआत हुई थी। उसी तरह इस बार भी फिल्म में अलग-अलग कहानियां दिखाई जाएंगी। जिसमें से एक कहानी में उर्फी नजर आएंगी। उर्फी को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। अगर सब सही रहा तो उर्फी जावेद एकता की इस फिल्म से बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री लेंगी।

जान्हवी कपूर ने किया इंटेंस वर्कआउट



जान्हवी कपूर को वर्कआउट करना पसंद है और वह अपने स्टाइलिश लुक्स के साथ-साथ फिटनेस से भी लोगों को काफी इंस्पायर करती हैं। एक्ट्रेस का एक वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह इंटेंस वर्कआउट करती हुई दिखाई दें रही हैं। वर्कआउट के दौरान जान्हवी बिना मेकअप के दिखाई दे रही हैं। वह ऑफ-व्हाइट टॉप और जिम शॉर्ट्स में काफी खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने हेयरबन के साथ अपने जिम लुक को पूरा किया।

वीडियो में जान्हवी को स्क्वैट्स, स्ट्रेच, केटलबेल वर्कआउट करते हुए देखा जा सकता है।जान्हवी का ये वीडियो उनके फैंस को बहुत पसंद आया और उन्होंने कमेंट सेक्शन में उनके तारीफों के पुल बांध दिए। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, वाह फिटनेस क्वीन। दूसरे यूजर ने लिखा, दिन-ब-दिन और फिट होती जा रही हैं। वहीं तीसरे ने लिखा, अद्भुत, जिम के लिए प्रेरित हो रहे हैं। जान्हवी कपूर जल्दी ही फिल्म बवाल में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन भी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसके अलावा जान्हवी जल्दी ही जूनियर एनटीआर की फिल्म से टॉलीवुड डेब्यू करेंगी। एनटीआर 30 अगले साल 5 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।ये जूनियर एनटीआर की पहली सोलो पैन इंडिया फिल्म है, जिसे तेलुगु के साथ-साथ तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। जान्हवी के पास मिस्टर एंड मिसेज माही और बड़े मियां छोटे मियां भी पाइप लाइन में है।

सुनील शेट्टी ने दी दामाद को वार्निंग

सुनील शेट्टी अक्सर अपनी बेटी अथिया शेट्टी और दामाद केएल राहुल को लेकर बात करते हैं। अब उन्होंने दोनों को कुछ खास सलाह दी है। इस दौरान उन्होंने केएल राहुल को ज्यादा अच्छा ना बनने की सलाह दी। सुनील शेट्टी ने केएल राहुल को लेकर भी बात की। उन्होंने दामाद को सलाह देते हुए कहा, ÷इतने खूबसूरत इंसान मत बनो कि जब तुम्हारी बात हो तो हमे कमतर समझा जाए। आप इतना अच्छे लड़का मत बनो की लोग आपकी अच्छाई की कद्र ना करें। वो कुछ इसी तरह का बच्चा है। मैं हमेशा अथिया से कहता हूं कि तुम लकी हो कि तुम्हारे पास केएल राहुल जैसा पार्टनर है।÷

सुनील शेट्टी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने हमेशा अथिया को हर अच्छे-बुरे वक्त में पति का साथ देने की सलाह दी है। सुनील शेट्टी से मिड डे संग बातचीत में अथिया शेट्टी को सलाह देने के लिए कहा गया। सुनील शेट्टी ने इस पर पहली सलाह देते हुए कहा कि जब इंडस्ट्री में कदम रख रही थीं तो मैंने उससे कहा कि सफलता को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है और ये भी पूछा कि क्या वो असफला का सामने करना के लिए तैयार हैं। सुनील शेट्टी ने दूसरी सलाह देते हुए कहा, ÷दूसरी बात, ऐसो व्यक्ति बनें जो अपने पार्टनर पर आंख मूंदकर विश्वास करता हो। उस पर पूरा भरोसा करें। तीसरी बात वो एक एथलीट है। वह अक्सर ट्रैवल करेगा। आप उसके साथ हर बार ट्रैवल नहीं कर पाएंगी। हमेशा उसके लिए खड़ी रहना, क्योंकि एक एक्टर की तरह एक स्पोर्ट्स पर्सन की लाइफ में उतार- चढ़ाव आते हैं। बता दें कि अथिया शेट्टी और केएल राहुल ने इस साल जनवरी में शादी की है। दोनों ने सुनील शेट्टी के खंडाला स्थित फार्म हाउस पर शादी का फंक्शन रखा था, जो बेहद प्राइवेट रखी गई थी।

2022 में भारत में आई 5जी के नेटवर्क कवरेज में कमी

नई दिल्ली। भारत में 5जी सर्विस अक्टूबर, 2022 में पेश की गई, लेकिन वे अभी भी देश भर में व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते नेटवर्क कवरेज में कमी आई है। इसके अलावा, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, इस्तेमाल के मामलों में जागरूकता की कमी और 10,000 रुपये और उससे कम कीमत वाले कुछ 5जी हैंडसेट के चलते देश में बड़े पैमाने पर 5जी अपनाने में देरी हो सकती है। काउंटरप्वाइंट के रिसर्च डायरेक्टर तरूण पाठक ने कहा, अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है, खासकर नेटवर्क कवरेज के मामले में। वर्तमान सीमाओं के बावजूद, बाज़ार में 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती संख्या और उनकी बढ़ती लोकप्रियता भारत के 5जी इकोसिस्टम के लिए आशाजनक भविष्य का संकेत देती है। काउंटरपॉइंट डेटा के अनुसार, भारत की 5जी स्मार्टफोन की बिक्री मई 2023 में पहली बार उल्लेखनीय 100 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई और साथ ही, प्रति माह 4जी स्मार्टफोन शिपमेंट के आकड़े को भी पार कर गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम कीमत वाले बैंड में 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती लोकप्रियता है, खास तौर से 20,000 रुपये से कम कीमत वाले। 2021 में, इस प्राइस सेगमेंट में 5जी स्मार्टफोन की बिक्री केवल 4 प्रतिशत थी, लेकिन 2022 में यह आंकड़ा बढ?र 14 प्रतिशत हो गया है। सीनियर एनालिस्ट शिल्पी जैन ने कहा, अपकमिंग फेस्टिव सीजन से पहले कंज्यूमर के बीच कई लॉन्च और 5जी फोन की हाई डिमांड के साथ 5जी की पहुंच बढ़ती रहेगी।

इस कंपनी ने एआई चैटबॉट को किया हायर

नई दिल्ली । ऑनलाइन स्टोर्स के लिए घरेलू सास प्लेटफॉर्म दुकान ने कस्टमर सपोर्ट के लिए एआई चैटबॉट पेश करने के बाद 90 प्रतिशत सहायक कर्मचारियों को हटा दिया है। दुकान के संस्थापक और सीईओ सुमित शाह ने कहा कि अर्थव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, स्टार्टअप यूनिकॉर्न बनने के प्रयास के बजाय मुनाफे को प्राथमिकता दे रहे हैं, और हम भी ऐसा ही कर रहे हैं। उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट किया, इस एआई चैटबॉट के कारण हमें अपनी 90 फीसदी सपोर्ट टीम को हटाना पड़ा। मुश्किल था, लेकिन ये जरूरी है।

उनके अनुसार, परिणाम यह हुआ कि शिकायत या निवेदन को 1.44 मिनट तक सुना गया और 3.12 मिनट में समाधान कर दिया गया, पहले यह समाधान करने में 2.12 घंटे का समय लगता था। इससे कस्टमर सपोर्ट लागत 85 प्रतिशत कम हो गई। शाह ने कहा, कम से कम यह बिलों का भुगतान करता है! कस्टमर सपोर्ट हमारे लिए लंबे समय से एक कठिन काम रहा है और इसे ठीक करना मेरे लिए एक अवसर जैसा लगा। लीना नामक चैटबॉट ने 1,400 से अधिक सपोर्ट टिकट्स को समाधान के रूप में चिह्नित किया, लेकिन शाह के अनुसार, यह केवल दुकान की एआई क्रांति की शुरुआत थी। दुकान के सीईओ ने कहा, कल्पना करें कि आपके पास अपना खुद का एआई असिस्टेंट है, जो आपके बिजनेस को जानता है और 24/7 ग्राहकों के सवालों का तुरंत उत्तर दे सकता है, न केवल सामान्य सवालों के, बल्कि यूजर/अकाउंट जैसे सवालों के भी। उन्होंने कहा कि वे दुकान में कई रोल्स के लिए भर्ती कर रहे हैं। उन्होंने पोस्ट किया, अगर आप एआई, ई-कॉमर्स, प्रोडक्ट डिजाइन के शौकीन हैं और टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो आप जानते हैं कि हम तक कैसे पहुंचना है।

एडटेक स्टार्टअप स्किल-लिंक ने की कर्मचारियों की छंटनी

नई दिल्ली/नवप्रदेश। चेन्नई स्थित एडटेक स्टार्टअप स्किल-लिंक ने अपनी लागत में कटौती करते हुए एक बार फिर लगभग 225 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। स्किल लिंक के सह-संस्थापक सूर्यनारायण पनीरसेल्वम ने गुरुवार को टेकक्रंच में ताजा छंटनी की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कदम परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भविष्य में निवेश को सीमित करने के लिए लिया गया है।

रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है, यह निर्णय पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लिया गया है। अप्रैल में स्किल लिंक ने कम से कम 400 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, इसमें वैश्विक आर्थिक स्थितियों का हवाला दिया गया था। पहले की छंटनी ने सेल्स, मार्केटिंग टेक टेक्नोलॉजी और टैलेंट एचीजीशन टीमों को प्रभावित किया था। सूर्यनारायणन और सारंगराजन वी द्वारा अप्रैल 2015 में लॉन्च किए गए एडटेक अपस्किलिंग स्टार्टअप का उद्देश्य स्नातक इंजीनियरिंग शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता और अनुप्रयोग आधारित शिक्षा की कमी को दूर करना है। सूर्यनारायणन ने बताया, व्यापक आर्थिक स्थितियों को देखते हुए, हमने अपनी विकास उम्मीदों को कम करने और भविष्य पर केंद्रित कुछ परियोजनाओं को धीमा करने का फैसला किया है। मौजूदा व्यवसाय में कंपनी ने प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञों के संयोजन का उपयोग करके बेहतर शिक्षण परिणाम प्रदान करने के लिए डिलीवरी मॉडल को बदल दिया।

अश्विन : क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने

नई दिल्ली। अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 700 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि डोमिनिका के विंडसर पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टेस्ट मैच के पहले दिन हासिल की।

36 वर्षीय अश्विन, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में प्लेइंग इलेवन से बाहर थे, ने पहले दो सत्रों में चार विकेट लेकर भारत को पहले दिन हावी होने में मदद की। उन्होंने अल्जारी जोसेफ को आउट कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 700 विकेट पूरे किए और अनिल कुंबले (956 विकेट) और हरभजन सिंह (711 विकेट) के बाद यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बन गए। अल्जारी जोसेफ का विकेट मैच में उनका तीसरा विकेट था। अश्विन के नाम अब 702 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। अश्विन ने टेस्ट मैच के शुरुआती दिन मेजबान टीम के बल्लेबाजों को नियमित अंतराल पर आउट किया। तेगनारायण चंद्रपॉल मैच में उनका पहला विकेट बने, जिससे उन्हें एक अनोखी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने में मदद मिली। अश्विन पिता और पुत्र दोनों का विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने। 36 वर्षीय, जिन्होंने 2011 में नई दिल्ली में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, ने सबसे लंबे प्रारूप में अपनी पहली उपस्थिति के दौरान तेग नारायण के पिता शिवनारायण चंद्रपॉल को आउट किया था।

हनुमा विहारी का छलका दर्द, कहा- टीम से बाहर करने पर मलाल

नई दिल्ली। रिद्धीमान साहा के रिप्लेसमेंट के तौर पर आये हनुमा विहारी लंबे समय से टीम से गायब नजर आ रहे हैं. ऐसे में खिलाड़ी ने अपने टेस्ट करियर और बीसीसीआई सिलेक्टरों पर बात रखते हुए कहा कि मुझे टीम इंडिया से क्यों बाहर किया, आज तक नहीं जान पाया हूं. और इस बात का मुझे मलाल है. उन्होंने कहा कि मेरे से किसी ने बात नहीं की. साथ ही किसी ने मुझे यह नहीं बताया कि टेस्ट टीम से क्यों बाहर किया गया? हनुमा विहारी ने कहा कि मैं उतार-चढ़ाव देख चुका हूं, पहले भी मेरी जिंदगी में उतार-चढ़ाव आए. लेकिन मैं इससे चिंतित नहीं हूं. उन्होंने कहा कि मैंने अपने निजी पक्षों को किनारे रख दिया है, मैं बहुद ज्यादा तनाव नहीं लेता हूं. साथ ही उन्होंने कहा कि मैं भारतीय टीम के लिए खेल रहा हूं या नहीं, यह बात सोचकर खुद पर दबाव नहीं बढने देता हूं. हनुमा विहारी ने कहा कि मेरा लक्ष्य हमेशा जीतना होता है. इस वक्त दिलीप ट्रॉफी में साउथ जोन के लिए खेल रहा हूं फिलहाल मेरी कोशिश साउथ जोन के लिए ट्रॉफी जीतना है. ऐसे में अब सवाल ये उठ रहा हैं कि क्या खिलाड़ी की टीम में वापसी होगी या नहीं और आते भी हैं तो अब किसकी जगह उन्हे टीम में जगह दी जायेगी. क्या पंत को रिप्लेस करके टीम उन्हे अंदर का रास्ता दिखायेगी. हालांकि उन्होंने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी हैं. क्योंकि हाल ही में अजिंक्य रहाणे ने टीम में दमदार वापसी की हैं।

यूएस मास्टर्स टी10 लीग 18 अगस्त से, भारतीय खिलाड़ी भी होंगे शामिल

नई दिल्ली। टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स ने शनिवार को उत्तरी कैरोलिना के रैले में यूएस मास्टर्स टी10 लीग प्लेयर ड्राफ्ट का आयोजन किया. प्लेयर ड्राफ्ट में सभी छह टीमों ने अटलांटा फायर, कैलिफ़ोर्निया नाइट्स, मॉरिसविले यूनिटी, न्यू जर्सी लीजेंड्स, न्यूयॉर्क वॉरियर्स और टेक्सास चार्जर्स ने इस साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए एक्सप्लोसिव लाइन-अप का निर्माण किया. न्यू जर्सी लेजेंड्स में 2011 विश्व कप विजेता तीन खिलाड़ी गौतम गंभीर, युवराज सिंह और यूसुफ पठान होंगे, साथ ही लियाम प्लंकेट, एल्बी मोर्कल, नमन ओझा, जेसी राइडर, क्रिस बार्नवेल, स्टुअर्ट बिन्नी, आरपी सिंह, बिपुल शर्मा, क्रेग मैकमिलन, टिम एम्ब्रोज़, राजेश बिश्नोई, अभिमन्यु मिथुन और मोंटी पनेसरभी शामिल होंगे. तेज बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा और डेविड हसी लेंडल सिमंस, मुहम्मद इरफान, ड्वेन स्मिथ, फरहाद रजा, हम्माद आजम, चतुरंगा डी सिल्वा, एलियास सनी, नासिर हुसैन, कमरुल इस्लाम, जुनैद सिद्दीकी, ग्रांट इलियट, अमिला अपोंसो, हैमिल्टन मसाकाडा और एस श्रीसंत. के साथ अटलांटा फायर की कमान संभालेंगे. पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय सितारे सुरेश रैना, इरफान पठान और मोहम्मद कैफ के साथ कैलिफोर्निया नाइट्स के लिए आरोन फिंच, पीटर सिडल, जैक्स कैलिस, रिकार्डो पॉवेल, दिनेश रामदीन, बेन लॉफलिन, एशले नर्स, रस्टी थेरॉन, अनुरीत सिंह, पवन सुयाल, देवेन्द्र बिशू, जेसल कारिया और सुदीप त्यागी के साथ केंद्र स्तर पर होंगे.मॉरिसविले यूनिटी में केविन ओब्रायन, पार्थिव पटेल, कोरी एंडरसन, राहुल शर्मा, केल्विन सैवेज, परविंदर अवाना, एंड्रीज़ गौस, नजफ शाह, एंजेलो परेरा, डेन के साथ-साथ हार्ड-हिटिंग क्रिस गेल और भारतीय दिग्गज हरभजन सिंह, पीइ्ट, विकास टोकस, दिलशान मुनावीरा, नुवान कुलसेकरा और मखाया एंटिनी होंगे शामिल. एसएएमपी ग्रुप के सीईओ और अमेरिकी संस्करण के मुख्य आयोजकों और लीग पार्टनर में से रितेश पटेल ने कहा कि हमने यूएस मास्टर्स टी10 लीग के आयोजन की दिशा में अपना पहला बड़ा कदम उठाया है. प्रत्येक टीम में कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय सुपरस्टारों के होने से टूर्नामेंट निश्चित रूप से शानदार होने वाला है. हम प्रतियोगिता में कई करीबी मुकाबले वाले मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ
छत्तीसगढ़ सरकार
डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना
50 हजार से 5 लाख रु तक
की स्वास्थ्य सहायता
24 लाख लोगों का उपचार
मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना
2643 मरीजों को गंभीर बीमारियों पर
20 लाख रु
तक के इलाज की सुविधा
दुर्गम क्षेत्रों और शहरी बस्तियों में
579 मोबाइल अस्पतालों से
1.69 करोड़ लोगों का मुफ्त इलाज
मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान
2.65 लाख बच्चे सुपोषित
1.65 लाख महिलाएं एनीमिया मुक्त
मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान
घर-घर जांच से मलेरिया के मामलों में
65% से ज्यादा की कमी
श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोरों से
66 लाख लोगों ने खरीदीं
71% तक सस्ती दवाइयां
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
संवाद - 36779
छत्तीसगढ़ सरकार-भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in